


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



जसवंत सिंह गिल बनेंगे अक्षय ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 24 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 334 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## विकास की राजनीति की संस्कृति और इसकी गंगोत्री है गुजरातः जेपी नड्डा

अहमदाबाद। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुजरात के गढ़डा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना में 3.60 करोड़ पक्के मकान लोगों मिले और गुजरात में 15 लाख मकान मिले हैं... पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पूरे देश में 11.78 करोड़ किसानों के खाते में हर चौथे महिने 2–2 हजार पहुंच रहे हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी जी का सपना है कि इस देश में कोई भी बिना पक्की छत के नहीं रहेगा, हम ऐसी कल्पना को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। आज आप समझिए कि आपके वोट की क्या कीमत है। इस देश की स्थिति ये थी कि 70 साल से आम आदमी को मामूली से मामूली इलाज के लिए भटकना पड़ता था। जेपी नड्डा ने कहा कि आज इलाज के लिए 5 लाख रुपये सालाना का हेल्थ कार्ड मिल रहा है और ये किसी जाति के आधार पर नहीं बल्कि गरीब लोगों को मिल रहा है। आज देश में गरीब का इलाज मुफ्त में हो रहा है। आज विकास और विकासवाद कांग्रेस को चारों खाने चित कर रहा है। वो परिवारवाद को लेकर आगे बढ़ते थे और हम विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। हमने यहां की स्थानीय समस्याओं को समाप्त करने का काम किया है। गुजरात मॉडल केवल एक विकास का मॉडल नहीं है बल्कि ये विकास की राजनीति की संस्कृति है और इस संस्कृति की गंगोत्री गुजरात है। जेपी नड्डा ने कहा कि हम महात्मा गांधी जी के योगदान को नहीं भूल सकते, हम देश को एक सूत्र में पिरोने वाले सरदार साहब के योगदान को भी नहीं भूल सकते और आज भारत को आत्मनिर्भर बना रहे प्रधानमंत्री मोदी के योगदान को भी नहीं भूल सकते।



## बसपा सरकार में हुए बेहतर कार्य, निवेशक सम्मेलन पर मायावती का तंज, बोलीं– सिर्फ जमीन अधिग्रहण और स्वार्थ तक सीमित न रहें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लगातार कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वैश्विक निवेशक सम्मेलन की भी तैयारियां जोरों पर है। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने तंज कसा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि यह प्रयास सिर्फ कृषि भूमि के अधिग्रहण और राजनीति तथा चुनावी स्वार्थ तक सीमित नहीं रहना चाहिए। मायावती ने कई ट्वीट किए। अपने ट्वीट में मायावती ने लिखा कि उत्तर प्रदेश में बीएसपी सरकार में लोगों को रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त नए पक्के मकान व भूमि आदि भी फ्री में लाखों परिवारों को आवंटित करके यहाँ गरीबों का जीवन धन्य होते हुए सभी ने देखा। उन्होंने सवाल किया कि पहले सपा व अब भाजपा सरकार में भी वैसी खास प्रगति क्यों नहीं? इसके साथ ही मायावती ने आगे लिखा कि यूपी में देशी व विदेशी पूंजीनिवेश के लिए सरकार का अनवरत प्रयास जरूरी, किन्तु यह केवल खेती भूमि के अधिग्रहण तथा राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यूपी जैसे अति–गरीबों के पिछड़े प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में वैसी ही तेज प्रगति भी लोगों को दिखनी चाहिए। बसपा सुप्रिमो ने एक और ट्वीट में अपनी सरकार को बेहतर बताते हुए कहा कि यूपी की समग्र प्रगति, विकास व लोगों की रोजी–रोटी के साथ ही उनकी सुरक्षा व आत्म–सम्मान के लिए बीएसपी की हुकूमत मे जो कुछ खास काम किया वह अपने बलबूते पर किया गया। यमुना के साथ गंगा एक्सप्रेसवे व जेवर एयरपोर्ट भी तब बन जाता अगर केन्द्र की कांग्रेस सरकार ने थोड़ा सहयोग किया होता। दूसरी ओर मंगलवार को उत्तर प्रदेश को देश के विकास का ग्रोथ इंजन बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने "उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023" के आयोजन की औपचारिक घोषणा की है।



## पुलिस झंडा दिवस : DGP ने सीएम योगी को लगाया फ्लैग पिन

### मुख्यमंत्री बोलेः यूपी पुलिस पर हमें गर्व

लखनऊ। यूपी के सभी जघ्लिों में आज यानी बुधवार को थानों, पुलघ्सि चौकियों व सभी पुलघ्सि कार्यालयों में पुलिस झंडा दिवस धूमधाम से मनाया गया। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर डीजीपी डीएस चौहान ने मुख्घ्यमंत्री योगी आदघ्त्यिनाथ फ्लैग पिन लगाया और सीएम योगी को प्रतीक चघ्न्घ्हि भी सौंपा।

समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलिस– सीएम योगी

मुख्घ्यमंत्री योगी ने ट्वीट कर प्रदेश की पुलघ्सि को पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कघ्ि उत्तर प्रदेश पुलिस के समस्त अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों को श्पुलिस झंडा दिवसश की हार्दिक बधाई! समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलघ्सि पर हमें गर्व है। जय हिंद!

23 नवंबर को मनाया जाता है पुलिस झंडा दिवसः प्रतघ्विर्ष 23 नवंबर को यूपी में पुलघ्सि झंडा दिवस मनाया जाता है। बता दें कि यूपी पुलिस पूरे भारतवर्ष का प्रथम राज्य पुलिस बल है।



## भारत जोड़ो यात्रा : सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी पर जयराम रमेश ने कहा, इस मसले से जुड़ा अध्याय समाप्त हो चुका है

नई दिल्ली। हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि इस मसले से जुड़ा अध्याय समाप्त हो चुका है। रमेश, गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' के मध्यप्रदेश में दाखिल होने के बाद बुरहानपुर में इसके विश्राम के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। रमेश, कांग्रेस के संचार, प्रचार और मीडिया विभाग के प्रभारी महासचिव हैं। उन्होंने सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल पर तुरंत कहा, "सावरकर का अध्याय खत्म हो चुका है। हालांकि, मैं दोहराना चाहूंगा कि जिस दिन भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग हमारे नेताओं के बारे में झूठ बोलना बंद कर देंगे, हम उसी दिन उनके नेताओं के बारे में सच बोलना बंद कर देंगे।" उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने "भारत जोड़ो यात्रा" के दौरान महाराष्ट्र में हाल ही में यह कहकर विवाद उत्पन्न कर दिया कि सावरकर ने ब्रितानी शासकों की मदद की थी और जेल में रहने के दौरान 'डर' के कारण उन्हें माफीनामा लिखा था। इसके अलावा, रमेश ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के छह राज्यों से गुजरने के दौरान इस यात्रा में शामिल लोगों के साथ राहुल गांधी हर दिन औसतन 21 किलोमीटर पैदल चले।



## सत्येंद्र जैन के वीडियो पर बीजेपी का वार, आप के पाप धोते–धोते यमुना हुई मैली




नई दिल्ली। दिल्ली में एमसीडी चुनाव में गिनती के दिन शेष बचे हैं, जिसको लेकर केंद्र शासित प्रदेश की सियासत तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। बीजेपी की तरफ से लगातार कभी जेल से सत्येंद्र जैन के मसाज वाले वीडियो तो कभी टिकट बेचने के आरोपों को लेकर आप पर निशाना साधा जा रहा है, वहीं आम आदमी पार्टी भी बीजेपी को आड़े हाथों ले रही है। तमाम कवायदों के बीच सत्येंद्र जैन का एक नया वीडियो सामने आया है, जिसमें वो जेल में उचित आहार लेते नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर बीजेपी ने एक बार फिर से दिल्ली सरकार को निशाने पर लिया है। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि जेल में जेल के नियम होते हैं मनीष सिसोदिया के घर के नियम नहीं। जेल के प्रबंधन की जो व्यवस्थाएं हैं वह जेल की नियमावली से चलती हैं। फुटेज देखकर लग रहा है कि इनका खुद का स्टाफ है। (मनीष) सिसोदिया नियमावली पढ़ लें, पता नहीं अगली खातिर किसकी होनी है।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की MP में हुई एंट्री, प्रियंका भी होंगी शामिल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो




यात्रा बुधवार सुबह पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले के बोदरली गांव में पहुंची। मां सोनिया गांधी के बाद अब बहन और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के यात्रा में शामिल होने की उम्मीद है। प्रियंका और उनके परिवार के सदस्य अपने भाई राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के राज्य में प्रवेश करने के बाद मध्य प्रदेश के बुरहानपुर पहुंचेंगे। एमपी कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि वह 24 और 25 नवंबर को बुरहानपुर और इंदौर के बीच यात्रा में भाग लेंगी। भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इस हिंदुस्तान में 3–4 अरबपतियों के हाथ में सारी इंडस्ट्री हैं।

## सत्येंद्र जैन के खाने को लेकर कोर्ट में हुई सुनवाई, अधिकारियों से मांगी गई विस्तृत रिपोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में बंद है। हालांकि इस दरमियान उनके दो वीडियो काफी वायरल हुए हैं। एक वीडियो में वह मसाज कराते दिखाई दे रहे हैं। जबकि आज एक और वीडियो आया है। इसमें वह काफी वीआईपी खाना खाते दिखाई दे रहे हैं। इसी को लेकर अब मामला पूरी तरीके से कोर्ट में पहुंच गया है। कोर्ट ने आज इसको लेकर सुनवाई की। दिल्ली कि कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खानपान और उसमें बदलाव किए जाने पर तिहाड़ जेल के अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने अधिकारियों को बृहस्पतिवार दोपहर 2रू00 बजे तक का समय भी दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की मेडिकल रिपोर्ट पर भी विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने इसके लिए समय मांगा जिसके बाद उन्हें सोमवार तक का समय दिया गया है। सुनवाई के दौरान जैन के वकील ने कहा कि आप मीडिया में चीजें लिख नहीं कर सकते हैं। जैन धर्म का पालन करते हुए वह फल खा रहे हैं। जेल मैनुअल के मुताबिक फल खाने की इजाजत है। इसके साथ ही दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन ने दिल्ली कोर्ट में एक अर्जी दाखिल कर अदालत से यह निर्देश देने की मांग की है कि मीडिया को उनसे संबंधित सीसीटीवी की किसी भी क्लिप को प्रसारित करने से रोका जाए। कोर्ट का कहना है कि मामले की सुनवाई कल होगी। आपको बता दें कि सत्येंद्र जैन के कुछ नए वीडियो बुधवार को सामने आए, जिनमें उन्हें अपनी कोठरी में फल और कच्ची सब्जियां खाते देखा जा सकता है। जैन ने कुछ दिन पहले ही शहर की एक अदालत में याचिका दायर कर अनुरोध किया था कि तिहाड़ जेल के अधिकारियों को उनकी धार्मिक आस्था के अनुसार फल, सूखे मेवे और खजूर जैसे खाद्य पदार्थ मुहैया कराने का निर्देश दिया जाए। वहीं, दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली सरकार के मंत्री जैन की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मंगलवार को जवाब तलब किया था। याचिका सोमवार को दायर की गई थी।



## दिल्ली एम्स का सर्वर डाउन, हैक होने की आशंका

नई दिल्ली। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का सर्वर पिछले करीब 9 घंटे डाउन है। जानकारी के मुताबिक, एम्स का सर्वर हैक कर लिया गया है। साइबर क्राइम और संबंधित विभागों को इसके बारे में जानकारी दी गई है। गोपनीय जानकारी लीक होने की आशंकाः एम्स के सर्वर में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, पूर्व पीएम और अन्य मंत्रियों के हेल्थकेयर रिकॉर्ड से जुड़ा बेहद संवेदनशील डाटा सेव रहता है। इसे लेकर गोपनीय जानकारी लीक होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सर्वर हैक होने की वजह से अस्पताल का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। नहीं बन सके नए मरीजों के ओपीडी कार्डः एम्स में सुबह से ही सर्वर डाउन होने से नए मरीजों के ओपीडी कार्ड नहीं बन सके। सिर्फ पुराने कुछ मरीजों को ही यूएचआइडी नंबर से देखा गया। मरीजों को भर्ती करने में भी पेपर न बनने से परेशानी आई। अधिकांश सेवाएं ठप रहीं। एम्स की ओर से दिल्ली पुलिस की साइबर सेल को सर्वर हैक होने का पता लगाने के संबंध में शिकायत दी गई है। नेशनल इनफार्मेटिक्स सेंटर (एनआइसी) द्वारा एम्स का सर्वर संचालित होता है। एनआइसी भी सर्वर के डाउन और हैक होने का पता लगाने में जुटा हुआ है।






## केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के भतीजे ने लगाई फांसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के भतीजे नंद किशोर का शव उसके घर पर बुधवार को फांसी के फंदे से लटका मिला। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के भतीजे का शव मिलने से सनसनी मच गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और रहस्य है। मृतक का नाम नंद किशोर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंत्री के एक अन्य भतीजे ने बुधवार सुबह नंदा का शव फंदे पर लटका देखा। मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ के दुबग्गा के बिगरिया इलाके में प्रापर्टी डीलर के पद पर कार्यरत नंद किशोर ने अपने घर में फांसी लगा ली। वह उसके शव को अस्पताल ले गये। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नंद किशोर के बेटे ने कहा कि उसके पिता कई दिनों से परेशान चल रहे थे। जमीन और घर का कारोबार नंदा का था। नंद किशोर ने की आत्महत्याः प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि उन्होंने आत्महत्या की है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कौशल किशोर संसद में मोहनलालगंज निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह वर्तमान में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के राज्य मंत्री के रूप में सेवारत हैं। कौशल किशोर हाल ही में सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने श्रद्धा वाकर हत्याकांड के बारे में बात करते हुए कहा था कि पढ़ी–लिखी लड़कियों को लिव–इन रिलेशनशिप में नहीं आना चाहिए। तनाव में थे नंद किशोर : आपको बता दें कि नंद किशोर के बेटे विशाल के अनुसार नंद किशोर पिछले काफी समय से तनाव में थे। वह परेशान चल रहे थे किसी से कुछ भी बता नहीं रहे थे। पुलिस प्रभारी निरीक्षक सुखवीर सिंह भदौरिया के मुताबिक, 47 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी नंद किशोर और उनके भाई कारोबार में हाथ बंटाते थे। पुलिस के मुताबिक, नंद मृतक ने दो शादियां की थी। एक पत्नी मुस्लिम और दूसरी हिन्दू है। दोनों पत्नियों से बच्चे हैं। पहली पत्नी शकीला से दो बच्चे अफजल व साहिल तथा दूसरी पत्नी से बेटा विशाल और आदर्श, बेटी अंशिका और शिखा हैं। बता दें कि इससे पहले केंद्रीय मंत्री मार्च 2021 में तब चर्चा में आए थे जब उनकी बहू अंकिता ने आत्महत्या करने की कोशिश की थी।



# कंगारू केयर बनी ढाल स्वस्थ हुए नौनिहाल

बहराइच। सर्दियों में कम वजन के शिशुओं को निमोनिया सहित अन्य बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञ चिकित्सक ऐसे शिशुओं को स्तनपान के साथ केएमसी यानि कंगारू मदर केयर देने की सलाह देते हैं । देखभाल के इस तरीके में दुधमुहे बच्चे को सिर्फ स्तनपान व मां के सीने से लगाकर रखा जाता है। इसमें किसी प्रकार का कोई खर्च नहीं आता और इसे किसी भी स्थिति , परिस्थिति में दिया जा सकता है। साधन विहीन दूर दराज ग्रामीण इलाकों में यह विधि शिशुओं को स्वस्थ रखने में काफी कारगर सिद्ध हो रही है।

एचएमआईएस आंकड़ों के अनुसार माह अक्टूबर में जन्मे 497 शिशुओं का वजन जन्म के समय कम यानि 2500 ग्राम से कम था । ऐसे शिशुओं की अधिक देखभाल की जरूरत होती है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जन्मे कम वजन के शिशुओं को गृह भ्रमण के दौरान जनपद की 3286 आशा कार्यकर्ता माताओं को स्तनपान के साथ–साथ कंगारू मदर केयर देना सिखाती हैं। इससे शिशु को पोषण के साथ मां के शरीर की गर्माहट मिलती है और वह तेजी से विकास करता है।

ऐसे दी जाती है कंगारू मदर केयर – इसमें शिशु को टोपी , लंगोट और मोजे पहनाकर पेट के बल माँ की छाती के बीच इस प्रकार रखा जाता है कि माँ की त्वचा से शिशु की त्वचा का लगाव हो सके। मौसम के अनुसार माँ व शिशु को चादर या कंबल से ढ़क दिया जाता है ताकि गर्माहट बनी रहे। ध्यान रहे शिशु को सांस लेने में कोई दिक्कत न हो । माँ के अस्वस्थ रहने पर परिवार का कोई भी स्वस्थ सदस्य इसे दे सकता है। केएमसी एक बार में कम से कम एक घंटा और बाद में इसकी अवधि बढ़ानी चाहिए। जानकारी के अनुसार ब्लॉक रिसिया के ग्राम फुलवरिया निवासी रेशमा के जन्मे शिशु का वजन 1800 ग्राम था । वह बेहद कमजोर था । आशा कार्यकर्ता सुधा श्रीवास्तव ने रेशमा को केएमसी के बारे में बताया और कहा कि इससे शिशु का वजन तेजी से बढ़ेगा और वह बहुत जल्द स्वस्थ हो जायेगा । 28 दिन बाद शिशु का वजन 2500 ग्राम हो गया। आशा कार्यकर्ता सुधा श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में पिछले चार माह में कम वजन के 6 शिशुओं को केएमसी के माध्यम से ठीक किया जा चुका है।

केएमसी दे चुकी कलीमुल्निशा ने बताया कि 4 माह पहले अपने बच्चे को केएमसी दिया था । शुरुआत में थोड़ा अटपटा लगता था लेकिन बच्चे के लिए तो कुछ भी किया जा सकता है । मैंने एक बार में एक घंटे तक केएमसी दी , एक माह बाद बच्चे के वजन में 500 ग्राम तक वृद्धि हुई और वह स्तनपान करने लगा।

# कम वर्षा वाले क्षेत्रों के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धत्ति है वरदान– डीएम

बहराइच। जनपद में औद्यानिक एवं कृषि फसलों की सिंचाई में ड्रिप तथा स्प्रिंकलर पद्धति करने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उपघटक ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' (माइक्रोइरीगेशन) को शासन की मंशानुरूप संचालित किए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति (डीएलआईसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिया कि योजनान्तर्गत किसानों के चयन के लिए जो सूची तैयार की गई है उसका पुनः सत्यापन कराते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक दशा में पात्र किसान ही लाभान्वित हों। डीएम डॉ. चन्द्र ने यह भी निर्देश दिया कि योजना को क्रियान्वित करते समय गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि दिन–प्रतिदिन जल स्तर में हो रही कमी में सुधार हेतु भूजल संचयन उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के दृष्टिगत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति के माध्यम से पौधों को सीधे विभिन्न प्रकार के संयंत्रों, पाइप, तकनीकों को अपनाकर उनकी उम्र, आवश्यकतानुसार जल उपलब्ध कराकर गुणवत्तायुक्त उत्पादन जल एवं ऊर्जा की बचत में योगदान करना माइक्रोइरीगेशन का मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' के अन्तर्गत ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई को किसानों के लिए उपयोगी बनाया जा रहा है। डीएम ने कहा कि ड्रिपधस्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने से किसानों को बड़ा लाभ है। इस पद्धति से केवल पौधों में पानी देने से पानी की बचत पौधों को पानी देने के लिए मेड़ व नालियाँ बनाने की जरूरत नहीं पड़ती है। इस तरह फसल के पौधों को सीधे पानी मिलने से फसल की गुणवत्ता एवं पैदावार में वृद्धि होती है। जड़ों में पानी देने से खर–पतवार पर प्रभावी नियन्त्रण, उर्वरक की बचत, ऊँची–नीची भूमि में पौधों की सिंचाई भली–भाँति होती है। पौधों में लगने वाले कीट व अन्य रोगों की उचित रोकथाम होती है। सिंचाई कार्य में कम समय में सिंचाई होती है, जिससे किसान अन्य कार्यों में समय का उपयोग कर सकते हैं। ड्रिपध स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति कम वर्षा वाले क्षेत्र के किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रही है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र वी.पी. शाही, सहायक अभियन्ता लघु सिचाई मंशाराम मौर्या व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, प्रगतिशील किसान, गुलाम मोहम्मतद, रामफेरन पाण्डेय, लालता प्रसाद गुप्ता तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# सहारा इंडिया के जमा कर्ता व कार्यकर्ताओ ने भुगतान को लेकर डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

## जिले में लगभग एक लाख जमा कर्ताओं का एक हजार करोड़ रुपये भुगतान की प्रतीक्षा में

बहराइच सहारा इन्डिया के जमा कर्ता व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी बहराइच को प्रार्थना पत्र देकर बर्ड्स एक्ट 2019 के तहत सहारा इंडिया के चीफ व डायरेक्टरों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर भुगतान कराने की मांग की स जमा कर्ताओं व कार्यकर्ताओं का कहना है कि दी बर्निंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम अधिनियम 2019 का उद्देश्य गैरकानूनी जमा योजनाओं को प्रतिबंधित करना और जमा कर्ताओं के हितों का संरक्षण करना है इस एक्ट की धारा 28 के तहत कार्य प्रत्येक अपराध संगीन एवं गैर जमानती है एक्ट की धारा अट्ठारह में डिजनरेट कोर्ट यह अधिकार दिया गया है की वह 180 का दिवस में ट्रायल कंप्लीट कर कानून का उल्लंघन करने वालों की चल अचल संपत्ति को सक्षम प्राधिकरण के द्वारा नीलाम करवा कर जमा कर्ताओं का धन वापस कराएगा और दोषियों पर ठगी गई रकम दोगुनी से 3 गुना तक जुर्माना अधि रोपित करेगा और उन्हें 10 वर्ष तक कठोर कारावास देगा विगत कुछ वर्षों से सम्मानित जमाकर्ता के खातों के मेच्योरिटी पूर्ण होने के बावजूद सहारा ग्रुप के द्वारा भुगतान करने में तरह–तरह की बहाने बनाकर हम सभी निवेशकों को गुमराह किया जा रहा है जबकि सहारा ग्रुप की दो कंपनियां सहारा रियल स्टेट कारपोरेशन व सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कारपोरेशन के अलावा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी पर कोई निवेशकों का जमा पैसा 2012 में सहारा क्यू शॉप योजना अवधि से वर्ष में कन्वर्ट कर दिया उसके पश्चात वर्ष 2017–18 में सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी वह उसके ग्रुप सोसाइटीज में पुनर्निवेश करा लिया गया वर्तमान में इन योजनाओं की भी मेच्योरिटी पूर्ण हो चुकी है संस्था के रीजन कार्यालय बहराइच परी क्षेत्र में लगभग एक लाख से अधिक निवेशक हैं जिनका सामूहिक रूप से लगभग ध्500 करोड़ रुपया से अधिक सहारा ग्रुप की सोसाइटी में जमा है जिनमें कई खातों का भुगतान का समय पूर्ण हुआ कई वर्ष हो गए हैं अब संस्था एंबार्गो कोर्ट केस का हवाला देकर निवेशकों को भुगतान देने में आनाकानी कर रही है इसको लेकर जमा करता व कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर भुगतान कराने की मांग की हैसइस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक और सांसद बहराइच से भी मुलाकात की तथा सहारा इंडिया के रीजनल कार्यालय पर वार्ता कीसइस अवसर पर मसूद अली, आलोक विश्वकर्मा,प्रमोद कुमार,अशोक कुमार श्रीवास्तव, दुर्गा प्रसाद, शब्बू अहमद, मुरालीलाल व इंद्रजीत यादव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सीएससी द्वारा बाइक रैली निकाल कर किसानो को फसल बीमा के लिए किया गया जागरूक

बहराइच। जनपद के किसानो को फसल बीमा के प्रति जागरूक करने के लिए सी0एस0सी0 द्वारा बाईक रैली का आयोजन कृषि भवन से किया गयासउक्त कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय तथा उपसम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी उदय शंकर व अन्य अधिकारीगण द्वारा बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गयासइस कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ अधिकारीगण, सी.एस.सी. जिला प्रबंधक महेंद्र प्रताप सिंह ,विशाल सिंह, अमित वर्मा (एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड) मुकेश मिश्र एवं जिले के सीएससी वी एल ई द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करके कृषको को फसल बीमा के प्रति जागरूक करना हैस,ताकि अधिक से अधिक कृषक योजना का लाभ ले सके किसान को फसल बीमा कराने के लिए सीएससी केंद्र पर जाकर अपना आधार कार्ड बैंक खाते की जानकारी खसरा खतौनी फसल बोने का स्वप्रमाणित घोषणा पत्र मोबाइल नंबर और फसल संबंधी जानकारी दर्ज करा कर बीमा करा सकते हैं और फसल से होने वाले नुकसान की भरपाई कर सकते है। सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि अपने नजदीकी सीएससी सेन्टर पर जाकर फसल बीमा अवश्य कराएं।

## उर्मिलेश, प्रो. याकूब यावर व नेहा सिंह राठौर को मिलेगा माटी रतन सम्मान

अयोध्या। अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने वर्ष 2022 में माटी रतन सम्मान पाने वाले लोगों के नामों की घोषणा कर दिया है। संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने अवंतिका होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि हिंदी में माटी रतन सम्मान उर्मिलेश उर्दू में प्रो याकूब यावर तथा जनगीतों की लेखिका और गायक नेहा सिंह राठौर को माटी रतन सम्मान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने ने दावा किया कि देश भर में शहीदों की स्मृति में कोई सम्मान नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि माटी रतन सम्मान लोक सम्मान है जो किसी भी सरकारी सम्मान से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह पूर्वांचल में नोबेल पुरस्कार की तरह प्रख्यात है।यह सम्मान पाने वाले अनेक लोगों को देश के सर्वोच्च सम्मान मिल चुका है। सम्मान में प्रस्सतिपत्र के अलावा छ अन्य चीजें भी प्रदान की जाएगी। इसमें सम्मान राशि भी शामिल हैं। श्री पाण्डेय ने बताया कि सम्मान समारोह काकोरी एक्शन के शहीदों के शहादत दिवस 19 दिसंबर को मंडल कारागार अयोध्या के शहीद कक्ष में प्रदान किया जाएगा।इसी दिन शांति सिंह स्मृति छात्रवृत्ति भी दी जाएगी इसके लिए गुरुकुल, यतीमखाना तथा मूकबधिर विद्यालय के छात्रों का नाम क्रमशः सौरभ कुमार, आसिफ रजा,अमन वर्मा का चयन किया गया है। संस्थान के प्रबंध निदेशक ने बताया कि शहीद दिवस पर डा शैलेश पाण्डेय स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा गीता पाण्डेय स्मृति निबंध प्रतियोगिता का आयोजन मनोहर लाल इंटर कालेज में 16 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को क्रमशः तीन हजार दो हजार तथा एक हजार नकद पुरस्कार तथा प्रसस्ति पत्र दिया जाएगा।

## धरती पुत्र दिवस के रूप में मनाया मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन

अयोध्या। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर नेताजी स्व मुलायम सिंह यादव का जन्मदिन धरती पुत्र दिवस के रूप में मनाया गया। नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई और नेताजी के विचारों और कार्यों को स्मरण करने के लिए विचार गोष्ठी की गई । निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगासिंह यादव ने नेताजी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यूं तो सत्ता परिवर्तन कई बार हुए लेकिन सत्ता के साथ व्यवस्था का भी परिवर्तन नेताजी के मुख्यमंत्री बनने पर ही हुआ । नेताजी ने अपने अपने हर मुख्यमंत्रित्व काल में जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक निर्णय लिए । प्रदेश में चुंगी व्यस्था की समाप्ति , प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी को भी माध्यम बनाना , त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अनुसूचित जाति , पिछड़े वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था करना , रक्षामंत्री रहते शहीद होने वाले जवानों की बॉडी उनके घर पर राजकीय खर्च पर पहुंचाना और पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्ठि की व्यवस्था आदि ऐसे बुनियादी काम है जिनसे व्यवस्था में परिवर्तन हुआ है । नेताजी के कार्यों का जब निष्पक्ष मूल्यांकन होगा तब नेताजी को सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध , लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अतुलनीय समर्पण नेता के रूप में किया जाएगा । गोष्ठी का संचालन निवर्तमान जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया । गोष्ठी में वरिष्ठ नेता छोटेलाल यादव , मनोज जायसवाल , अमृत राजपाल , हामिद जाफर मीसम, चौधरी बलराम यादव श्रीमती सरोज यादव , मुस्कान सावलानी , मोहम्मद शुएब , ओरौनी प्रसाद पासवान , दानबहादुर सिंह, आजाद सिंह , अरुण वर्मा , नूर बाबू , अंसार अहमद , मंजीत यादव , फरीद कुरैशी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए ।

# शिक्षार्थियों को रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करना प्राथमिकता: प्रो. प्रतिभा गोयल

## –अवध विश्वविद्यालय में नवागत कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल का स्वागत सम्मान व निवर्तमान कुलपति प्रो अखिलेश कुमार सिंह को दी गई विदाई

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में अपराह्न नवागत कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल का स्वागत सम्मान व निवर्तमान कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह को विदाई दी गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि राम की धरा पर सेवा का अवसर पाकर गौराविन्त महसूस कर रही हूॅ। इस शिक्षा के मन्दिर में कार्य करने का सुअवसर मिला है। शिक्षार्थियों को अत्यधिक लाभ मिल सके इसके लिए पूरा प्रयास करूॅगी। कुलपति ने कहा कि यहां के शिक्षकों में अपार क्षमताएं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू कराने में पूरा सहयोग लेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सहयोग से विश्वविद्यालय में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाया जायेगा। उन्होंने भगवान राम की इस धरती पर सभी को गिलहरी की संकल्प शक्ति के साथ कार्य करना होगा। सभी को अपनी अपनी क्षमता के अनुसार विश्वविद्यालय के विकास में अपना योगदान देना होगा। जिससे शिक्षा के इस मन्दिर को आगे बढ़ाया जा सकें। कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि इस विश्वविद्यालय को पहली महिला कुलपति का गौरव प्राप्त हुआ है। इस पावन नगरी में मुझे कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसके लिए मै अपने आपकों अत्यन्त सौभाग्यशाली मानता हूॅ। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में सभी अपने दायित्वों के प्रति जागरूक है। मेल मिलाप और समन्वय का दौर रूकना नहीं चाहिए। इसे आगे भी निरन्तर बनाये रखना होगा। मुख्य नियंता प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार इतने बड़े स्तर पर नवागत कुलपति का स्वागत व विदाई समारोह आयोजित हुआ है। दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। यहां अनुशासन सर्वोपरि है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वाती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा नवागत कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल व निवर्तमान कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह, बुके व अंगवस्त्रम भेटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सरिता द्विवेदी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव उमानाथ ने किया। इस अवसर वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, प्रो0 आरके तिवारी, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएन शुक्ल, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 एसके रायजादा, प्रो0 एमपी सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ल, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 अनूप कुमार, डॉ0 राजेश कुमार सिंह, डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी, डॉ0 अनिल कुमार, सहायक कुलसचिव डॉ0 रीमा श्रीवास्तव, मो0 सहील सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टीडीएस व जीएसटीआर फाइलिंग हेतु प्रशिक्षित किये गये डीडीओ

बहराइच। जनपद के आहरण वितरण अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं की एक बैठक वाणिज्यकर कार्यालय में उपायुक्त (प्रशासन), राज्य कर, बहराइच चन्द्रकेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आहरण वितरण अधिकारियों को टी.डी.एस. कटौती, जी.एस.टी.आर–7 फाइलिंग इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री गौतम द्वारा आहरण वितरण अधिकारियों को बताया गया कि उनके द्वारा किये गये भुगतान पर एक प्रतिशत सीजीएसटी व एक प्रतिश एसजीएसटी की कटौती की जानी है और की गयी कटौती की धनराशि अगले माह की दस तारीख तक फाईल किये जाने वाले रिटर्न जीएसटीआर–7 के साथ जमा करना होगा। यह रिटर्न समय से न फाईल करने व की गयी कटौती की धनराशि समय से जमा न करने पर अर्थदण्डध्ब्याज की कार्यवाही जीएसटी विभाग द्वारा की जायेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी सरकारी विभाग नियमानुसार कटौती करते हुए समय से अपना रिटर्न दाखिल कराये। बैठक में आहरण वितरण अधिकारियों सहित वाणिज्यकर विभाग के सहायक आयुक्त मधुसूदन सिंह, कमलेश तिवारी, राज्य कर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार व अन्य सम्बन्धित रहे।

## डाकघर में नेफ्ट व आरटीजीएस सेवाओं का संचालन शुरू

अयोध्या। बैंकों के समान ही अयोध्या डाक मंडल के सभी 703 डाकघरों में डीवीटी सेवा से लाखों बचत बैंक ग्राहकों को मिलने लगा बैंकों की तरह डाकघर का आईएफएससी कोड जारी किया गया है । मण्डल के प्रवर अधीक्षक डाकघर पी के सिंह ने अयोध्या प्रधान डाकघर का निरीक्षण करते हुए बताया कि बैंकों की तरह अब डाकघर भी ऑनलाइन सेवाओं को संचालित कर रहा है । इससे केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मिल रहे सब्सिडी, सहायता राशि, दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि शहरी ग्रामीण डाकघरों के बचत खाता ग्राहकों को घर बैठे लाभ मिलेगा । इसके साथ ही अभी तक विभिन्न बैंकों के खातों से डाकघर बचत खाते में आरटीजीएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी परंतु अब नेफ्ट सेवा के सक्रिय होने तथा डाकघर बचत बैंक खाते में आईएफएससी कोड आवंटित हो जाने के उपरांत डीबीटी सेवा शुरू हो गई है अब डाकघर के ग्राहक न केवल विभिन्न बैंक खातों से डाकघर बचत खातों में आरटीजीएस की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे बल्कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याण कारी योजनाओं दिव्यांग, वृद्धावस्था पेंशन छात्रवृत्ति गैस सब्सिडी, किसान सम्मान निधि आदि से प्राप्त होने वाली सहायता राशि या सब्सिडी का लाभ भी डीबीटी सेवा के माध्यम से उठा सकेंगे । इस दौरान सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, अतुल उपाध्याय, दीपक तिवारी, सुजान वीर सिंह आदि मौजूद रहे ।

# 1.25 लाख मत्स्य अंगुलिकायें गुप्तार घाट पर प्रवाहित

## –मत्स्य सम्पदा संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन हेतु रिवर रैचिंग

अयोध्या। नदियों में मत्स्य सम्पदा के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के दृष्टिकोण से विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर जनपद अयोध्या में द्वितीय चरण में गुप्तार घाट पर 1.25 लाख भारतीय मेजर कार्प (कतला, रोहू एवं नैन) के 80 से 100 मि0मी0 के मछली के बच्चे सरयू नदी में छोडे गये। रिवर रैंचिंग के पूर्व गुप्तार घाट पर जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सांसद लल्लू सिंह ने किया। सांसद ने कहा कि रीवर रैंचिंग कार्यक्रम वर्तमान सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना है जो नदियों में मत्स्य सम्पदा के कम हो रहे संसाधन को बढाये जाने में सहायक होगी और इससे नदियों के किनारे आवासित मछुआरों को मछली की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित होगी साथ ही मछली की बिक्री से उन्हें रोजगार के संसाधन उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने भी सम्बोधित किया और अपने सम्बोधन में रिवर रैंचिंग कार्यक्रम को मछुआरों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण का वर्तमान सरकार का अभिनव प्रयास बताया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव ने अपने सम्बोधन में प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना की चर्चा करते हुये कहा कि इस योजना से मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता की वृद्वि के साथ–साथ मछुआरों के लिये कल्याणकारी परियोजनाओं का भी क्रियान्वयन हो रहा है, इस वर्ष इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार हुआ है जिसके परिणाम स्वरूप ही विभिन्न परियोजनाओं के 738 आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं। सहायक निदेशक मत्स्य ए0के0 शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि नदियों में मत्स्य सम्पदा संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन हेतु रिवर रैचिंग का कार्यक्रम प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत पूरे प्रदेश में आयोजित हो रहा है। जनपद अयोध्या का रिवर रैंचिंग का लक्ष्य 5.00 लाख निर्धारित था जिसके प्रथम चरण में 3.75 लाख मत्स्य अंगुलिका पूर्व में सरयू नदी में छोडी गयी हैं, उसी के क्रम में द्वितीय चरण में 1.25 लाख मत्स्य अंगुलिकायें गुप्तार घाट पर सरयू नदी में प्रवाहित की गयीं। नदी में मत्स्य बीज संचय कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 सांसद अयोध्या एवं मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सत्ताधारी पार्टी के लोग मौजूद रहे।

## चयनित लाभार्थियों को वितरित किया गया टूल किट्स

अयोध्या। उत्तर प्रदेश खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित टूल किट्स वितरण योजना के तहत सांसद लल्लू सिंह ने चयनित लाभार्थियों को निशुल्क मशीनों व प्रमाणपत्र का वितरण किया। जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में सांसद ने कहा केन्द्र व प्रदेश सरकार स्वावलंबी बनाने की अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि टूल किट्स वितरण योजना लोगों को स्वरोजगार के संसाधन उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने चयनित लाभार्थियों को हर प्रकार से सहयोग व सहायता का आश्वासन दिया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ए0के0 शर्मा ने बताया कि 10 अदद मोटराइज्ड दोना पत्तल व 08 अदद पापकार्न मेंकिग मशीनों का चयनित लाभार्थियों में वितरण किया गया। कार्यक्रम में ए0के0 शर्मा, उमाकान्त गुप्ता सहित अन्य खादी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# सिद्धार्थ विश्व विद्यालय का नौ दिसंबर को होगा दीक्षांत समारोह





दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु। सिद्धार्थ विश्व विद्यालय कपिलवस्तु में नौ दिसंबर को दीक्षांत समारोह होना सुनिश्चित हुआ है। जिसमे प्रदेश की राज्यपाल आनंदी वेन पटेल समारोह में दीक्षा देने का कार्य करेंगी। जिसको लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन सक्रीय हो गया है। कार्यक्रम स्थल के आसपास फैली गंदगी की साफसफाई के लिये कुलपति प्रो हरि बहादुर श्रीवास्तव ने निर्माण निगम को निर्देशित किया है। मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में पहुचे प्रोजेक्ट मैनेजर संजय श्रीवास्तव ने निगम के अधिकारी,कर्मचारी से चर्चा किये।कैम्पस की साफ सफाई के लिये भ्रमण कर व्यवस्था देखी। फुलवारी,पार्क में पानी डालने वाली पाइप फट जाने के कारण बन्द है।जिसको जल्द सुधार कराने के निर्देश दिए। खेल मैदान के प्रस्तावित स्टेडियम अभी तक निर्माण नही हो सका,जिससे विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को अभ्यास करने में दिक्कत होती है। छात्र दीक्षांत समारोह स्थल पार्क में खेल अभ्यास करते दिखे।

## पर्यटन स्थल में हो रहे निर्माण ठप

*बुद्ध की क्रीड़ा स्थली कपिलवस्तु में पर्यटन के दृष्टि से हो रहे निर्माण कार्य ठप पड़ गया है।कई महीनों से कोई ठीकेदार नजर नही आ रहे है।निरीक्षण में आये प्रोजेक्ट मैनेजर ने बन्द पड़े कार्यो से नाराजगी जाहिर किया है। सभी निर्माण करा रहे ठीकेदारों से फोन वार्ता कर कार्य को संचालित करने को कहा गया। वही कुछ ठीकेदारों का कहना है कि बजट न आने व भुगतान बाधित होने से पूंजी फर्शी हुई है।भुगतान मिलने के बाद कार्य सुचारू रूप लेगा।*

विश्वविद्यालय वा पर्यटन स्थल के निर्माण कार्य को निर्माण निगम देख रही है,नौ दिसंबर को दीक्षांत समारोह कार्यक्रम है।जिसको लेकर प्रांगण की साफसफाई करायी जा रही है। मार्च 2022 से बजट नही मिला है,वार्ता चल रही है,जल्द ही बजट मिलते ही रुके कार्य संचालित होंगे।

**संजय श्रीवास्तव,**
**प्रोजेक्टमैनेजर निर्माण निगम।**

## श्री ठाकुर राम जानकी मन्दिर पर भव्य रामलीला का आयोजन,दर्शक झुमे

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। श्री ठाकुर राम जानकी मन्दिर शीतलगंज आजादनगर मे चल रहे श्री रामलीला के तीसरे दिन मंगलवार की रात अयोध्या धाम से आये हनुमंत आदर्श श्री रम लीला मंडल के कलाकारो ने विश्वामिंत्र मुनि आगमन और महाराजा दशरथ के प्रेम की बड़ी ही मर्मस्पर्शी लीला की जीवन्त प्रस्तुती किया।प्रभु श्री राम लक्ष्मण जब मुनि विश्वामित्र के साथ जाने लगे तो महाराज दशरथ ने सेना को भी साथ जाने के लिए आदेश दे दिया लेकिन श्री राम ने कहा कि पिता जी मै उस जंगल मे रहने वाले वनवासियों के अंदर ही सैन्य भाव उत्पन्न करके उन्हे राक्षसो से लड़ने के लिये तैयार कर दूंगा और वही हमारी सेना होंगे।श्री राम ने उन्ही वनवासियों को सैनिक के रुप मे तैयार कर राक्षसो का संहार किया वन प्रदेश का राजा उन्ही वनवासी कोल भीलो को बना दिया।इसके बाद राक्षसो की इन वन प्रदेश की तरफ देखने की हिम्मत नही हुई।अन्त मे रामलीला आयोजक मन्दिर के महंत हनुमान दास नागा ने श्री रामलीला मे आये सभी अतिथियों का स्वागत किया।इस अवसर पर बृजबिहारी शुक्ल,डा वी एन त्रिपाठी,सुरेन्द्र श्रीवास्तव,अजय कुमार श्रीवास्तव,हनुमान चौधरी,भोलानाथ पाठक,गंगा प्रसाद मिश्र,देवेन्द्र पांडेय,शैलेंद्र सिंह,रामकुमार सिंह,संतलाल कन्नौजिया सहित काफी संख्या मे श्रद्धालू उपस्थित थे।





## मुख्य विकास अधिकारी ने किया भिटिया पंचमोहनी देवभारिया बहादुरपुर मार्ग का निरीक्षण





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बुद्धवार को जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्वांचल विकास निधि ा राज्यांश योजना में वित्तीय वर्ष 2020.21 विधान सभा इटवा के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य भिटिया पंचमोहनी देवभारिया बहादुरपुर अन्य जिला मार्ग के किलोमीटर 06 से शंकरजोत तक सम्पर्क मार्ग कार्य का निरीक्षण किया गया स निरीक्षण के समय श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता एवम अवर अभियंता उपस्थित रहे स कार्यदाई संस्था लोक निर्माण खण्ड इटवा द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया स स्थलीय निरीक्षण में शंकरजोत तक 750 मीटर लंबाई में कार्य पूर्ण पाया गया स सड़क के प्रथम 100 मीटर में सड़क की किनारे तरफ क्रैक हो गई तथा किनारे की मिट्टी धास गई है स अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि जल जमाव के कारण सड़क में क्रैक आ गया है, और मिट्टी बह गईं स जिसे ठीक कराने के निर्देश दिया जायेगा स इसी योजना के अंतर्गत विधान सभा डुमरियागंज में वित्तीय वर्ष 2021.22 में स्वीकृति मार्ग मझजौवा धोबहा शाहपुर मार्ग किलोमीटर 14 से नये नगर होते हुए भरहिया गांव तक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया स 1.00 किलोमीटर लंबाई में शून्य से लेपन कार्य कराया जाना है जिस पर 10 प्रतिशत प्रथम किस्त प्राप्त है, जिसके सापेक्ष मिट्टी, जीएसबी गिट्टी का कार्य पूर्ण है स पीसी कार्य कराया जाना है स अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय तक कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## बांसी में किसान प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। किसान प्रतिनिधि सम्मेलन भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को नगरपालिका बांसी के सुभाष नगर के दुर्गा मंदिर पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुवर कुवर जी रहे। उन्होंने केंद् वह प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया इसी तरह किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय शर्मा ने भी कहा कि इस बार हम सभी लोगों को नगरपालिका बांसी में कमल खिलाना। सम्मेलन का संचालन नगर महामंत्री राकेश अग्रहरी ने किया।सम्मेलन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, गौरी शंकर अग्रहरी, रामशरण मौर्य, विष्णु जयसवाल( सोनू ),आनंद मणि त्रिपाठी, बलराम कुलश्रेष्ठ,सोनू वर्मा, पिंटू वर्मा ,मंगल चौरसिया, गोपाल,भाजपा के नगर अध्यक्ष जगजीवन गौड़ सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## अरविंद सिंह पटेल उसका सीएचसी का लिया जायजा-जताई नाराजगी

### लाभार्थी ने स्वास्थ्य कर्मी पर 500 रुपए लगाने का लगाया आरोप

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार में पूर्वांचल विकास बोर्ड सदस्य उत्तर प्रदेश बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने कल पहुंचकर निरीक्षण किया सीएचसी पर अधीक्षक एसके पटेल ने फूल देकर स्वागत किए और अरविंद सिंह पटेल ने पौधा भी वृक्षारोपण किए उसके बाद सीएचसी के हर एक कक्ष में जाकर साफ सफाई देखें और रजिस्टर भी चेक किए और निरीक्षण के दौरान चार लाभार्थी मिले और उनसे जानकारी ली वहीं लाभार्थी सुनीता से पोषाहार के बारे में पूछा गया। और सुनीता ने बताया कि पोषाहार मिलता नहीं बल्कि घर से लाया जाता है और डिस्चार्ज लाभार्थियों से फोन से भी बात चीत किए और लाभार्थी ने 500 रुपए लेने का भी आरोप लगा और मरीजों से भी बात चीत किए और शिकायत भी मिली कि बाहर से भी दवाएं लिखी जाती है कमिया को देखते हुए कमियां को सुधारने का भी दिया दिशा निर्देश पूर्वांचल विकास बोर्ड सदस्य उत्तर प्रदेश बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने कहा कि बहुत ही कम मरीज मिले है और जो भी शिकायत मिली है उस पर कार्यवाही की जाएगी । डीपीटी सीएमओ विजय नाथ चतुर्वेदी, अधीक्षक एसके पटेल, बीसीपीएम कृष्ण मोहन पांडेय, मनीष पांडेय आदि लोग रहे मौजूद।





## 04 दुकानों पर औषधि विभाग का छापा,एक्सपायरी दवा के साथ मिली गंदगी

### 01 को दुकान बंद करने का निर्देश के साथ नमूने एकत्रित किए गए

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। बांसी नगर क्षेत्र में आज 23 नवम्बर को औषधि विभाग के जिला निरीक्षक, एन के सिंह के द्वारा छापा डाला गया।दोपहर बाद पड़े छापे के दौरान 04 दुकान कार्यवाही के दायरे में आए।इनमें सुशांत मेडिकल स्टोर, कुमार मेडिकल स्टोर,मौर्या मेडिकल स्टोर व सोनू मेडिकल स्टोर रहे। जांच के दौरान कुमार मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट नहीं पाया गया।कैश मेमों और दवाइयों का रिकार्ड नहीं दिखा सके।इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण कमियां पाई गई।सोनू मेडिकल स्टोर में गंदगी और एक्सरसाइज दवाइयां मिली। एक्सपायरी दवाओं के रख रखाव का कोई समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं मिला। इसके अलावा दवाइयों का बिल भी नहीं काटा जाता है। जानवरों से संबंधित दवाइयों का भी अनुचित प्रयोग किया जा रहा था।अन्य 02 दुकानों में भी स्थिति असंतोषजनक पाया गया।ड्रग इंस्पेक्टर नवीन कुमार द्वार सोनू मेडिकल स्टोर को बंद करने के साथ लाइसेंस व रिव्यू लाइसेंस को दिखाने को कहा गया है।इस विषय में जिला औषधि निरीक्षक ने कहा कि सभी 04 दुकानों से नमूने संग्रहित किए गए हैं। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।इस विषय मे विधि सम्मत कार्यवाही किया जाएगा। छापे के दौरान दवा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। ज्यादातर कारोबारी दुकान बंद कर फरार हो गए।

## बीआरसी जोगिया में प्रधानाध्यापको की मासिक समीक्षा बैठक

### साप्ताहिक कलेंडर व रीडिंग मिशन को समय से पूर्ण करे शिक्षक..बीईओ जोगिया






दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। बीआरसी जोगिया के सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी कुंवर विक्रम पाण्डेय की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विद्यालयों में निपुण लक्ष्य के अनुसार शिक्षण कार्य तथा साप्ताहिक कलेंडर के अनुसार शिक्षण गतिबिधियो के संचालन, की चर्चा हुई जिससे बच्चे अपने कक्षा की दक्षता समय से पूर्ण कर सके व ब्लॉक के सभी विद्यालयों को निपुण किया जा सके। इसके साथ साथ आउट ऑफ स्कूल बच्चो का चिन्हांकन, यू डाइस प्लस की फीडिंग, आयरन गोली का वितरण कंपोजिट ग्रांट का वरीयता के क्रम में व्यय, आदि बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में ए आर पी अनुपम सिंह प्रमोद त्रिपाठी शशिकांत त्रिपाठी देवेंद्र त्रिपाठी अजय श्रीवास्तव व ई प्रधानाध्यापकध् प्रधानाध्यापक पंकज राय, मनीष दूबे, गौरव पांडेय, उत्कर्ष श्रीवास्तव, जितेंद्र वर्मा, नवरतन चौधरी, रामप्रताप शर्मा, प्रदीप यादव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, रवींद्र सिंह, प्रीति शुक्ला, नेहा चौधरी, अनीता, नमिता यादव, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर शोहरतगढ़ विधायक ने दिया ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर। उत्तर प्रदेश के शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर शोहरतगढ़ विधायक ने संबंधित मंत्री को ज्ञापन दिया। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विकास को लेकर जनप्रतिनिधि ा विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आवश्यक मूलभूत सुविधाओं व विकास कार्यों ( पानी की टंकी, तालाबों का सौंदर्यीकरण, गोशाला का निर्माण, सोलर लाईट आदि) का निर्माण व क्रियान्वयन हेतु प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र सौंप दिया हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उक्त पत्र को संज्ञान में लेकर विभाग द्वारा उक्त विकास कार्यों का निर्माण जल्द ही हमारे विधानसभा के शोहरतगढ़ नगर एवं बढ़नीनगर में क्रियान्वयन कर दिया जायेगा। जनहित में लाभकारी इन सुविधाओं को मुहैया कराने में हमारे अनुरोध को स्वीकृति पत्र देने हेतु नगर विकास मंत्री ए के शर्मा जी को हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूँ। उन्होंने यह भी कहा मेरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सरकारी जमीन की आवश्यकता है जिसके लिए मैंने संबंधित अधिकारियों को मांग पत्र दे दिया हूँ। मैं पूरा प्रयास करूँगा की क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार मिले।



# सम्पादकीय

**मगर तेल की वैश्विक कीमतों के मद्देनजर अमेरिकी फायदे को देखते हुए जो बाइडेन न केवल सऊदी अरब के शासक से नजदीकी बढ़ा रहे हैं, बल्कि एक जघन्य हत्याकांड में न्याय की संभावनाओं को भी खत्म कर रहे हैं। अमेरिकी सरकार के इस फैसले से दुखी होकर सेनगीज ने कहा कि जो बाइडेन ने ...**

## समरथ को नहिं दोष गुसाई

समरथ को नहिं दोष गुसाई, तुलसीदासजी की लिखी इस एक पंक्ति के सामने दुनिया भर में लोकतंत्र को लेकर किया गया विमर्श, मानवाधिकारों की व्याख्याएं, व्यक्तिगत स्वतंत्रता की दलीलें, न्याय व्यवस्था की मजबूती का विचार, सब बेमानी लगने लगते हैं। सिद्धांतों और व्यावहारिकता का फर्क तुलसीदासजी ने पहले ही समझ लिया था कि सारे नियम–कायदे, कानून, नैतिकताएं, मर्यादा के बंधन, समाज को अच्छा बनाए रखने की जिम्मेदारी कमजोरों के लिए हैं। समर्थवान अगर इनका पालन करना चाहें, तो यह कमजोरों के लिए कृपा है और न करना चाहें तो फिर शोषित और पीड़ित होना कमजोरों की नियति है, जिसे बदला नहीं जा सकता। अगर कोई बदलना चाहे, तो एक ताकतवर, दूसरे शक्तिमान को बचाने के लिए उठ खड़ा होता है। भारत में हमने देखा है कि किस तरह बिल्किस बानो के अपराधी जेल से रिहा कर दिए गए। उनका स्वागत–सत्कार हो गया और अब उन्हें संस्कारी बताने वाले व्यक्ति को गुजरात चुनाव में भाजपा ने अपना प्रत्याशी भी बना दिया है। अगस्त से लेकर नवंबर तक देश में बार–बार इन हत्यारे, बलात्कारियों की रिहाई पर चिंता जतलाई गई, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। अन्याय की ऐसी कई मिसालें पहले भी सामने आईं, मगर कुछ लोगों के ऐतराज के अलावा, वृहत्तर समाज में कहीं कोई हलचल नहीं होती। जैसे, सबने मान लिया है कि ऐसा ही होना है और विरोध की आवाजों की कहीं कोई सुनवाई नहीं है। अभी दुनिया की महाशक्ति कहे जाने वाले देश अमेरिका से भी यही मिसाल सामने आई है। सऊदी अरब के निर्वासित पत्रकार, वाशिंगटन पोस्ट में स्तंभकार रहे जमाल खाशोगी की हत्या के मुकदमे में अब सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान को अमेरिका में कानून सुरक्षा हासिल हो गई है। गौरतलब है कि 2 अक्टूबर 2018 को जमाल खशोगी को आखिरी बार इस्तांबुल में जिंदा देखा गया था। वे अपने विवाह के लिए जरूरी कागजात जुटाने इस्तांबुल में सऊदी वाणिज्य दूतावास गए थे, लेकिन फिर उन्हें बाहर आते हुए नहीं देखा गया। उनकी मंगेतर हातिज सेनगीज दूतावास के बाहर ही उनका इंतजार करती रह गईं। बताया जाता है कि दूतावास के भीतर ही सुनियोजित तरीके से उनकी हत्या कर दी गई और फिर उनके शरीर के टुकड़े कर उन्हें गायब कर दिया गया, ताकि किसी को खाशोगी के बारे में पता ही नहीं चले। इस हत्या का आरोप सऊदी अरब के एजेंटों पर लगा कि उन्होंने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के आदेश पर ऐसा किया। हालांकि सऊदी अरब इस हत्याकांड से पहले इंकार करता रहा। फिर भी कई सवाल उठे, जैसे 2 अक्टूबर को तुर्की के सभी कर्मचारियों को दूतावास से छुट्टी लेने क्यों कहा गया। सुरक्षा कैमरे के फुटेज क्यों हटा दिए गए। 15 लोगों की टीम वाणिज्यिक दूतावास क्यों आई थी। इन सवालों के कोई जवाब नहीं मिले, न ही खाशोगी का कुछ पता चला। इस हत्या के कुछ सप्ताह बाद रियाद में एक निवेश सम्मेलन में क्राउन प्रिंस ने इसे एक जघन्य अपराध और दुखद घटना करार देते हुए जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाने का वादा किया था। और एक साल बाद सितंबर 2019 में क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने सार्वजनिक रूप से कहा कि वो पिछले साल सऊदी एजेंटों द्वारा की गई खाशोगी की हत्या की जिम्मेदारी लेते हैं क्योंकि इसे उनके रहते ही अंजाम दिया गया। अपराध और अपराध के कबूलनामे के बाद सजा का होना ही शेष रह जाता है, ताकि इंसाफ की प्रक्रिया पूरी हो सके। मगर यहां मोहम्मद बिन सलमान का ओहदा उनके लिए रक्षा कवच बन गया है। खाशोगी की मंगेतर सेनगीज और अधिकार समूह डेमोक्रेसी फॉर द अरब वर्ल्ड नाओ (डॉन) ने 2020 में क्राउन प्रिंस के खिलाफ अमेरिका में मुकदमा दायर किया था। लेकिन अब अमेरिकी न्याय विभाग ने बताया है कि क्राउन प्रिंस जब इस साल प्रधानमंत्री बने, तभी उन्हें इस मामले में प्रतिरक्षा हासिल हो गई है। याद रखने वाली बात ये है कि अमेरिका ने जमाल खाशोगी की हत्या की निंदा की थी। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान जो बाइडन ने आश्वासन दिया था कि वह सुनिश्चित करेंगे कि हत्या के मामले में न्याय हो और सऊदी शासक से दूरी बनाए रखने का वादा भी किया था।

## उपभोक्ता अधिकार के पक्ष में

उड़ानों के रद्द होने या देरी से उडने के कारण यात्रियों को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई अब विमान कंपनियों को करनी होगी। अमेरिका ने कहा है कि इन कंपनियों ने इतनी देर की जिससे ग्राहकों के अधिकारों का उल्लंघन हुआ। अमेरिका में छह विमानन कंपनियों को ग्राहकों के लगभग दस अरब रुपये लौटाने का आदेश दिया गया है। इन कंपनियों में भारत की एयर इंडिया भी है। इन कंपनियों पर लगभग साढ़े सात करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। एयर इंडिया से अपने ग्राहकों को 12.15 करोड़ डॉलर यानी लगभग नौ अरब 85 लाख रुपये लौटाने को कहा गया है। मामला कोविड–19 महामारी के दौर का है। तब उड़ानों के रद्द होने या देरी से उडने के कारण यात्रियों को जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई अब विमान कंपनियों को करनी होगी। अमेरिका के परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि इन कंपनियों ने इतनी देर की जिससे ग्राहकों के अधिकारों का उल्लंघन हुआ। 2020 की शुरुआत में जब महामारी का फैलना शुरू हुआ, तो लगभग सभी देशों ने अपनी सीमाएं बंद कर दी थीं और आवाजाही बंद हो गई थी। इस वजह से विमानों की आवाजाही या तो बंद हो गई या अत्यधिक प्रभावित हुई। तब हजारों लोगों ने परिवहन मंत्रालय को विमानन कंपनियों की शिकायत की थी। सबसे ज्यादा शिकायतें रिफंड ना मिलने की हुई थीं। अमेरिका के परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि जब अमेरिकी लोग किसी एयरलाइन की टिकट खरीदते हैं, तो वे उम्मीद करते हैं अपनी मंजिल पर सुरक्षित, पूरे भरोसे के साथ और वाजिब खर्च में पहुंच जाएंगे। मंत्रालय ने कहा है– श्हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि विमानन कंपनियां इन उम्मीदों को पूरा करें।य तो कंपनियों पर कार्रवाई की गई है। मंत्रालय ने कहा है कि अन्य कार्रवाइयों की तैयारी भी चल रही है। कई मामलों में जांच भी जारी है। यानी जल्दी ही जुर्मानों के बारे में और समाचार आ सकते हैं। लेकिन गौरतलब है कि अमेरिकी कंपनियां इस कार्रवाई से बच गई हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी और अमेरिकी विमानन कंपनी के खिलाफ जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। मंत्रालय का दावा है कि अमेरिकी विमानन कंपनियों ने रिफंड देने की अपनी जिम्मेदारी को अप्रैल 2020 में तेजी से निभाया। अब इस बात में कितनी पारदर्शिता है, यह बाद में पता चलेगा। बहरहाल, उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा का यह कदम स्वागतयोग्य है।

## सट्टेबाजी एप : सिंडिकेट का खात्मा कैसे हो

**सट्टा खिलवाने वाली कंपनियों को ये मालूम है कि भारत में सट्टेबाजी अवैध है, उनको ये भी मालूम है कि भारतीय कंपनियों के अश्वनलाइन गेम्स में जीत की रकम से 30 फीसद तक टैक्स कट्ता है, और ये टैक्स जीतने वाले खिलाड़ी को ही देना होता है। ऐसे में सट्टा खिलवाने वाली ऑनलाइन गेम कंपनियां खिलाडियों को टैक्स न देने का लालच भी देती हैं और वो ये भी कहती हैं कि उनके ऐप पर गेम खेलने ...**

ऋषभ मिश्रा

देश में सरकारी व्यवस्थाओं की नाक के नीचे सट्टे का एक ऑनलाइन कारोबार चल रहा है, जिससे हर साल सरकारी खजाने को 3.50 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। देश के रेल, शिक्षा, और स्वास्थ बजट को जोड़ लें, तो भी ये 3.50 लाख करोड़ रु पये से कम बैठता है, और इतने की टैक्स चोरी रोकने के लिए अभी तक सरकार ने कोई भी कदम नहीं उठाया है। दरअसल, सरकार को जानकारी ही नहीं है कि ये टैक्स चोरी कहां हो रही है, साथ ही सरकारी तंत्र को इसकी कानोकान खबर तक नहीं है। ऐसे कई ऑनलाइन गेम्स हैं, जिसमें आप अपनी पसंदीदा टीमें बनाते हैं। मैच में खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर आपको प्वॉइंट्स अथवा अंक दिए जाते हैं, और इसी प्वॉइंट्स के आधार पर आप जीतते या हारते हैं, लेकिन देश में ऑनलाइन गेम्स अथवा खेलों के नाम पर सट्टा खिलवाने वाली विदेशी कंपनियां चोरी–छिपे घुस चुकी हैं, और खेल में सट्टेबाजी करवाने वाली विदेशी कंपनियां वेबसाइट और सोशल मीडिया पर विज्ञापन देकर लोगों से ये बता रही हैं कि खेल में सट्टेबाजी वैध है अथवा लीगल है, और ये गेम ऑफ स्किल है, जबकि हमारे देश में सट्टा खेलना और खिलवाना गैरकानूनी है, इसके बावजूद सरकार को इस तरह की सट्टेबाजी के बारे में खबर तक नहीं है। देश में कोई भी खेल वैध है या अवैधा है, ये दो पैमानों पर तय किया जाता है। पहला है, गेम ऑफ स्किल यानी कि ऐसा खेल जिसमें आपका टैलेंट दिखता हो। दूसरा पैमाना है गेम ऑफ चांस यानी कि ऐसा खेल जिसमें आपका टैलेंट नहीं बल्कि आपकी किस्मत खेलती है। गेम ऑफ स्किल को देश में वैध माना जाता है, और गेम ऑफ चांस को देश में अवैध माना गया है। यानी कि जिस खेल में आपको मेहनत करनी पड़ती है वो खेल वैध है, अब चाहें उसमें आपने दिमाग लगाया हो या फिर शारीरिक मेहनत की हो। ठीक इसी तरह से हर वो खेल अवैधा है, जिसमें आपने कुछ नहीं किया बस आपकी किस्मत पर आपकी जीत या हार तय होती है। मोबाइल फोन में हम कई तरह के ऑनलाइन गेम्स खेलते हैं, इन गेम्स को देश में श्गेम ऑफ स्किलत्य के तौर पर जाना जाता है। इस तरीके से ये वैध हैं। उदाहरण के तौर पर अगर हम वैध ऑनलाइन गेम्स ऐप में क्रिकेट को ही ले लें, तो इनमें किसी भी मैच से पहले आप मोबाइल गेम में अपनी एक टीम बनाते हैं, उस टीम में आप जो खिलाड़ी चुनते हैं, उसका सारा रिकॉर्ड आपको मालूम होता है। आपको पता होता है कि वो खिलाड़ी फॉर्म में है या नहीं और इस जानकारी को आपका टैलेंट माना जाता है, और मैच में उतरने से पहले आप मोबाइल गेम के वॉलेट में कुछ रुपये डालते हैं। इन रु पयों की मदद से आप मोबाइल गेम खेलते हैं, अब अगर आपका चुना हुआ खिलाड़ी अच्छा परफॉर्म करता है, या आपकी बनाई टीम जीत जाती है तो इस आधार पर आपको प्वॉइंट्स मिलते हैं और फिर इन प्वॉइंट्स के आधार पर आपकी जीत या हार तय होती है, जिसमें आपको रैंकिंग के आधार पर रुपये मिलते हैं। इस फॉर्मेट अथवा प्रारूप को वैध माना गया है, लेकिन देश में कुछ ऐसी विदेशी कंपनियों का जाल फैला हुआ है, जो मोबाइल एप्लीकेशन के बहाने ऑनलाइन गेम्स खेलने वालों को सट्टेबाजी करवा रही हैं, जिनमें बेट ऑन क्रिकेट, यूनीबेट, बेटवे जैसी 24 विदेशी कंपनियां हैं। सट्टेबाजी करवाने वाली कंपनियां यूजर्स को ऑनलाइन गेम्स के जरिये फंसाती हैं, फिर उन्हें सट्टेबाजी की तरफ लेकर जाती हैं और ये अपने आप में बहुत गंभीर विषय है। खेलों में सट्टेबाजी करवाने वाली इन विदेशी कंपनियों का प्रचार–प्रसार इंटरनेट स्मार्टफोन और सरकारी तंत्र की दूरदर्शिता की कमी की वजह से तेजी से बढ़ रहा है। इस तरह के खेल में आप की स्किल, टैलेंट या मेहनत नहीं लगती है, बस आपकी किस्मत होती है, आप बस चांस लेते हैं और अगर चांस सही साबित हुआ तो जीत होती है नहीं तो आप हार जाते हैं। इस तरह खेल खिलवाने वाले ऑनलाइन गेम्स को सरकार गेम ऑफ चांस मानती हैं, और यही वजह है कि ये देश में अवैध है। जितनी भी भारतीय कंपनियां आपको ऑनलाइन गेम्स खिलवाती हैं, वो अपनी कमाई में से सरकार को कम से कम 18 फीसद जीएसटी देती हैं। ये टैक्स भारत सरकार के खाते में जाता है, लेकिन जो विदेशी ऑनलाइन गेम्स के नाम पर सट्टा खिलवा रही हैं, वो किसी भी प्रकार का टैक्स सरकार को नहीं देती हैं, और ऐसी ज्यादातर कंपनियां उन देशों से ऑपरेट होती हैं, जिन्हें श्टैक्स हेवनत्य कहा जाता है जिसमें माल्टा, एवं साइप्रस जैसे देश प्रमुख हैं। सट्टा खिलवाने वाली कंपनियों को ये मालूम है कि भारत में सट्टेबाजी अवैध है, उनको ये भी मालूम है कि भारतीय कंपनियों के ऑनलाइन गेम्स में जीत की रकम से 30 फीसद तक टैक्स कट्ता है, और ये टैक्स जीतने वाले खिलाड़ी को ही देना होता है। ऐसे में सट्टा खिलवाने वाली ऑनलाइन गेम कंपनियां खिलाडियों को टैक्स न देने का लालच भी देती हैं और वो ये भी कहती हैं कि उनके ऐप पर गेम खेलने में फायदा ये है कि जीत की रकम से टैक्स नहीं देना पड़ता। इस लालच की वजह से देश के खजाने को और कुछ समय बाद आपको भी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**एक जैसे अपराध पर, आरोपी का रुतबा देखे बिना, अगर एक समान कार्रवाई होती है, तो जनता के बीच संदेश जाता है कि जांच एजेंसियां अपना काम स्वायत्तता और निष्पक्ष रूप से कर रही हैं। सि)ांत यह होना चाहिए कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वो किसी भी विचारधारा या राजनैतिक दल का समर्थक क्यों न हो। कानून अपना काम कानून के दायरे में ही करेगा...**

## जांच एजेंसियों की निष्पक्षता

विनीत नारायण

बैंकों का धन लूटकर विदेशों में धन शोधान करने वाले बड़े औद्योगिक घरानों की जांच को लेकर एजेंसियां आए दिन विवादों में घिरी रहती हैं। भगोड़े वित्तीय अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने में देश की बड़ी जांच एजेंसियां विफल रही हैं। ऐसी नाकामी के कारण जांच एजेंसियों पर चुनिंदा आरोपितों के खिलाफ ही कार्रवाई करने के आरोप भी लगते रहे हैं। पिछले दिनों कानपुर की रोटोमैक पेन कंपनी के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 750 करोड़ रु पये से अधिक के बैंक फ्रॉड का मामला दर्ज किया। इस कंपनी पर आरोप है कि इसने कई बैंकों से ऋण लेकर नहीं लौटाए। रिपोर्ट के अनुसार, 7 बैंकों के समूह के लगभग 2919 करोड़ रुपये इस कंपनी पर बकाया हैं। गौरतलब है कि बैंक फ्रॉड का यह मामला नया नहीं है। बैंक को चूना लगाने वाली यह कंपनी जून, 2016 में ही नॉन–परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) घोषित कर दी गई थी। छह साल बाद 2022 में जब सीबीआई ने इस कंपनी पर कार्रवाई शुरू की तब तक कंपनी के कर्ताधर्ता विक्रम कोठारी का निधन हो चुका था। जांच और कार्रवाई में देरी के कारण बैंकों को करोड़ों का चूना लग चुका था। देश में कोठारी जैसे अनेक लोग हैं, जो बैंक से लोन लेते हैं। यदि वो छोटे–मोटे लोन लेने वाले व्यापारी होते हैं, तो उनके खिलाफ बहुत जल्द कड़ी कार्रवाई की जाती है परंतु आम तौर पर देखा गया है कि बैंकों के धन की बड़ी चोरी करने वाले आसानी से जांच एजेंसियों के हत्थे नहीं चढ़ते। कारण बैंक अधिकारी और व्यापारी की सांठ–गांठ होता है। ऋण लेने वाला व्यापारी बैंक के अधिकारी को मोटी रित के भार के तले दबा कर अपना काम करा लेता है, और किसी को कानों–कान खबर नहीं होती। जब ऋण और उस पर ब्याज मिला कर रकम बहुत बड़ी हो जाती है, तो तेजी से कार्रवाई करने का नाटक किया जाता है। तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। रोटोमैक कांड के आरोपियों की सूची में कानपुर का एक और समूह है, जिस पर जांच एजेंसियों की कड़ी नजर नहीं पड़ी। आरोप है कि इस समूह ने विभिन्न बैंकों के साथ सात हजार करोड़ से अधिक रुपये का घोटाला किया है। फर्जी कंपनियों का जाल बिछा कर बैंकों के साथ धोखा किया है। इस समूह के मुख्य आरोपियों उदय देसाई और सरल वर्मा–जिनकी कंपनियां हैं एफटीए एचएसआरपी सोल्यूशन प्रा. लि. और एग्रोस इम्पेक्स इंडिया लि. –रोटोमैक कांड के सह–अभियुक्त भी हैं। इनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। लेकिन कोविड और स्वास्थ्य कारणों के चलते इन्हें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जमानत दी गई। गौरतलब है कि सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) में इस समूह के खिलाफ 2019 के बाद से विभिन्न बैंक 8 एफआईआर लिखा चुके हैं परंतु वर्मा और देसाई बंधुओं पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उदय देसाई ने दिल्ली उच्च न्यायालय में विदेश जाने की गुहार लगा कर एक याचिका दायर की। कोर्ट ने जुलाई, 2022 के अपने आदेश में याचिका रद्द करते हुए विशेष रूप से उल्लेख किया कि विभिन्न जांच एजेंसियों में लंबित अनेक गंभीर मामलों के बावजूद आरोपियों को एक ही बार पूछताछ के लिए बुलाया गया। जांच एजेंसियों ने सघन जांच और पूछताछ की शुरुआत ही नहीं की। सोचने वाली बात है कि हजारों करोड़ के घोटाले




के आरोपियों को एक ही बार बुलाकर जांच एजेंसियों को इत्मिनान हो गया कि आरोपियों को दोबारा पूछताछ के लिए नहीं बुलाना चाहिए? क्या एक ही बार में पूछताछ से जांच एजेंसियां संतुष्ट हो गई? आरोपी एक ही बार में एजेंसियों के श्कड़े सवालोंय का संतोषजनक जवाब दे पाए? क्या जांच एजेंसियां आरोपियों से ऐसे ही केवल एक बार ही जांच और पूछताछ करती हैं? इन से कहीं छोटे मामलों में विपक्षी नेताओं या नामचीन लोगों के खिलाफ भी इन एजेंसियों का क्या यही रवैया रहता है? क्या इन आरोपियों की करोड़ों की संपत्ति को जब्त किया गया? क्या इनकी बेनामी संपत्तियों तक ये एजेंसियां पहुंच पाई? सुशांत सिंह राजपूत की रहस्यमयी मृत्यु के बाद जिस तरह बॉलीवुड के सितारों को लगातार पूछताछ के लिए बुलाया गया था क्या वैसा कुछ इनके भी साथ हुआ? अगर नहीं तो क्यों नहीं? केंद्र में जो भी सरकार रही हो, उस पर जांच एजेंसियों के दुरु पयोग का आरोप लगता रहा है। मौजूदा सरकार पर विपक्ष द्वारा यह आरोप लगता रहा है कि वो कुछ चुनिंदा लोगों पर, अपने राजनैतिक प्रतीद्वंद्वियों या अपने विरुद्ध खबर छापने वाले मीडिया प्रतिष्ठानों के खिलाफ इन एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। जांच एजेंसियों में लंबित अन्य मामलों को छोड़ देसाई और वर्मा बंधुओं के मामले को ही लें तो यह बात सच साबित होती है। दिल्ली के श्कालचक्र समाचार ब्यूरोय के प्रबंधकीय संपादक रजनीश कपूर को जब एफटीए एचएसआरपी सोल्यूशन प्रा. लि. और एग्रोस इम्पेक्स इंडिया लि. के घोटालों से संबंधित सभी दस्तावेज मिले तो उन्होंने इन आरोपों को सही पाया। कपूर ने 6 मई, 2022 को एजेंसियों को सप्रमाण पत्र लिख कर देसाई और वर्मा द्वारा किए गए हजारों करोड़ रु पये के घोटालों की जांच की मांग की थी। ऐसे में प्रमुख जांच एजेंसियां शक के घेरे में आ जाती हैं। इन एजेंसियों पर विपक्ष द्वारा लगाए गए श्गलत इस्तेमालय के आरोप सही लगते हैं। मामला चाहे छोटे घोटाले का हो या बड़े घोटाले का, एक ही अपराधा के लिए दो मापदंड कैसे हो सकते हैं? यदि आम आदमी या किसान बैंक को ऋण चुकाने में असमर्थ होता है, तो बैंक की शिकायत पर पुलिस या एजेंसियां कड़ी कार्रवाई करती हैं। उसकी दयनीय दशा की परवाह न करके कुर्की तक कर डालती हैं परंतु बड़े घोटालेबाजों के साथ सख्ती क्यों नहीं बरती जाती? घोटालों की जांच कर रही एजेंसियों का निष्पक्ष होना बहुत जरूरी है।




# रावण का वध होते ही गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

बावन,हरदोई। बावन ग्राम की ऐतिहासिक रामलीला के कार्यक्रम में अवध प्रांत मंत्री वि. हि.प. देवेंद्र मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के साथ शिरकत की।मेला कमेटी के द्वारा अवध प्रांत मंत्री वि. हि. प. देवेंद्र मिश्रा, व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल तथा पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। तीनों अतिथियों ने राम लक्ष्मण के स्वरूप का विधिवत पूजन किया ।मुकेश अग्रवाल ने मेला कमेटी को भव्य आयोजन के लिए बधाई दी तथा रावण दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया तो वहीं पुलिस अधीक्षक हरदोई ने मेले को शांति पूर्वक संपन्न कराने में क्षेत्र वासियों की सराहना की ।इस दौरान मेला आयोजक वैद्यराज बालशास्त्री मिश्र महाराज ने बताया कि बावन के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता है, ये आयोजन करीब 150 साल से निरंतर किया जा रहा है, रामलीला में . शाम को कुंभकरण, मेघनाद, अहिरावण व रावण वध का मंचन किया गया। कुंभकरण के किरदार ने दर्शकों को खूब हंसाया। रावण वध होते ही पंडाल में जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे ।कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मण की मूर्च्छा टूटने से हुई। लक्ष्मण की मूर्च्छा टूटने का समाचार रावण के दरबार में पहुंचा तो रावण क्रोधित हुए और अपने भाई कुंभकरण के पास गए। छह माह से गहरी नींद में सोये कुंभकरण को नींद से उठाने के बाद रावण कुंभकरण को राम से युद्ध करने की बात कहते हैं। रावण व कुंभकरण में मार्मिक संवाद होता है। कुल की शान रखने के लिए कुंभकरण युद्ध में जाता है और भगवान राम के हाथों उसका वध हो जाता है। इसके बाद रावण पुनरू मेघनाथ को युद्ध में भेजते हैं। पहले मेघनाथ अपनी कुल देवी की पूजा करने जाता है। यह सूचना जब भगवान राम के पास पहुंचती है तो वे लक्ष्मण व हनुमान जी को वहां भेजते हैं और मेघनाथ के हवन को सफल नहीं होने देते। इससे गुस्से में आए मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच भयंकर युद्ध होता है और मेघनाथ भी मारा जाता है। मेघनाद की मृत्यु के बाद रावण असहाय महसूस करता है और पाताल के राजा अहिरावण को भेजता है। अहिरावण मायावी शक्ति से श्रीराम और लक्ष्मण का अपहरण कर पाताल में ले आता है। हनुमान जी अहिरावण का वध करके श्रीराम और लक्ष्मण को बंधन मुक्त कर ले आते हैं। इसके बाद रावण अपने बेटे अतिकाय, नारांतक और देवांतक को युद्ध में भेजता है।मगर, वे भी मारे जाते हैं। इस पर रावण खुद युद्ध की कमान संभालता है। श्रीराम व रावण में भयंकर युद्ध होता है। जब देर तक रावण हार नहीं मानता, तो श्रीराम विभीषण से वजह पूछते हैं। इस पर विभीषण रावण की नाभि में अमृत होने और वहां तीर मारने को कहते हैं। इसके बाद श्रीराम के हाथों रावण का वध हो जाता है। रावण का वध होते ही पंडाल जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठता है। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष शिशु मिश्रा, नाजिम पूर्व प्रधान, सचिन शुक्ला, पुनीत मिश्रा, संदीप शुक्ला, शक्ति मिश्रा पत्रकार,, जितेन्द्र सिंह, भूपेंद्र अवस्थी, डा.अभिषेक शास्त्री, योगेन्द्र सिंह, रिजवान खान, विवेक त्रिवेदी, शानू खां, मंडल अध्यक्ष देश दीपक दीक्षित, नीशीत शुक्ला, अच्छता नन्दन मनु, महादेव कश्यप, अमन मिश्रा, स्वडेश अग्निहोत्री, राजेश सिंह नेवादा, अवधेश राठौर, ने आदि भारी संख्या नन्हे मुन्ने बच्चे महिलाए व पुलिस बल मौजूद रहा।

# अल्लीपुर महाविद्यालय में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

हरदोई। विकासखंड बावन के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन अल्लीपुर महाविद्यालय में बेहद भव्य स्तर पर किया गया। इस आयोजन में विकास खंड बावन के बच्चों ने विभिन्न खेलप्रतियोगिताओं में जमकर अपना दमखाम आजमाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की जमकर हौसला अफजाई की ।इस वर्ष विकास खंड बावन की वार्षिक खोलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन अल्लीपुर महाविद्यालय में किया गया ।वार्षिक खोलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी बावन संजीव कुमार भारती तथा विशिष्ट अतिथि विपिन त्रिवेदी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न न्याय पंचायतों के सर्वश्रेष्ठ बच्चों ने अपने खेलकूद के कौशल और दमखम का जमकर प्रदर्शन किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर दौड़, कबड्डी, खो खो, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैडमिंटन, योगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।प्रतियोगिता में दौड़ के 100 मीटर वर्ग में किस्मती, 200 मीटर में आकांक्षा, 400 मीटर में फूलबी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 200 मीटर में अरुण व 400 मीटर में सुंदरम तथा 200 व 400 मीटर प्राथमिक वर्ग में ऋषि राम एवं 800 मीटर में वरुण प्रथम स्थान पर रहे। कबड्डी प्राथमिक वर्ग में दौली विजेता एवं मानपुर उपविजेता रहा तो वहीं खो खो में रारा विजेता और सधई बेहटा उपविजेता रहे। इस अवसर पर विकलांग बच्चों की विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें रुक्मंगल ने प्रथम,महिमा ने द्वितीय एवं नैमिष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख में प्राथमिक वर्ग में माही एवं उच्च प्राथमिक वर्ग में संध्या वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के आधार पर न्याय पंचायत रारा एवं सधई बेहटा का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा ।इस आयोजन में नोडल ब्लाक बावन क्रीड़ा प्रतियोगिता मनीष राठौर, केके दीक्षित, पंकज वर्मा, मीना सिंह, मनीष चंदेल, शिवकांत, आलोक वर्मा, सिद्धार्थ वर्मा, मनोज वर्मा, राकेश कुमार, अरुण शर्मा, अजय तिवारी, आशुतोष द्विवेदी, अभिषेक गुप्ता, मोहित कुमार सहित बिभिन्न शिक्षक–शिक्षिकाओं ने अपना महत्वपूर्ण एवं सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# मनसा नाथ इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक ने की बैठक

हरदोई ।बिलग्राम तहसील के बाबा मनसा नाथ इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक वीके दुबे की अध्यक्षता मे प्रधानाचार्य और नोडल अधिकारी के साथ एक आवश्यक बैठक का आयोजन हुआ इस बैठक में जनपद में होने वाली स्काउट गाइड रैली के संबंध में विचार किया गया और सभी विद्यालयों की टीमों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक वी के दुबे के द्वारा सभी प्रधानाचार्य से टीमों के शत प्रतिशतटीमों के शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन और नवीनीकरण हेतु निर्देशित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि कोरोना के कारण विगत 3 वर्षों से स्काउट और गाइड की कोई भी रैली का आयोजन नहीं किया गया इसलिए इस बार की रैली को ऐतिहासिक रूप देने के लिए सभी स्काट मास्टर और गाइड कैप्टन के साथ–साथ प्रधानाचार्य और संबंधित तहसील के और ब्लॉक के नोडल अधिकारी एक एक दूसरे के साथ सामंजस्य बनाकर इस रैली को सफल बनाएं । उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला संस्था हरदोई के स्काउट कमिश्नर श्री अवधेश त्रिपाठी ने बैठक में प्रतिभाग कर रहे सभी प्रधानाचार्य और नोडल के साथ स्काउट और गाइड से संबंधित सभी समस्याओं पर वार्ता की और उसके और उसके निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज संडीला प्रधानाचार्य श्रीमती अंजू सिंह ,प्रधानाचार्य राजकीय उच्चत्तर मध्यमिक विद्यालय बहरिया की प्रधानाचार्या श्रीमती राजेश्वरी के द्वारा बैठक में निरामया के प्रशिक्षक के रूप में सभी प्रधानाचार्य को विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को भविष्य में उनके कैरियर को लेकर मेडिकल सेक्टर में कौन–कौन से अवसर मिलेंगे और बच्चों को इसके लिए कौन–कौन से कोर्स करने चाहिए ।इससे संबंधित माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रायोजित निरामया संबंधित जानकारी दी गई। इस बैठक में बाबा मनसा नाथ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुज कुमार यादव बिलग्राम तहसील के नोडल अधिकारी और बी जी आर एम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील रस्तोगी,बिलग्राम ब्लॉक नोडल अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, संजीव कुमार, मुन्नर लाल पाल,विमलेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार यादव ,मनीष कुमार, ममता कनौजिया,मनोज कुमार श्रीवास्तव के साथ–साथ मनसा नाथ इंटर कॉलेज बिलग्राम के समस्त अध्यापक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# यज्ञसैनी वैश्य समाज ने नगर के जनता इण्टर कॉलेज में कराई दहेज रहित शादी

हरदोई। नगर के जनता इंटर कॉलेज में यज्ञसैनी वैश्य समाज द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराया गया। जिसमें क्षेत्र के कई जोड़ों की शादी कराई गई। यज्ञसैनी वैश्य समाज द्वारा किया गया यह कार्य बहुत ही दुर्लभ और सराहनीय है। सभी दिल से इस कार्यक्रम के आयोजनकर्त्ता का आभार और धन्यवाद व्यक्त कर रहे हैं। इस दौरान यज्ञ सैनी वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने दम्पतियों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगो ने हमें इस पुनीत कार्य में सहयोग का मौका दिया ए ऐसे सामाजिक कार्य तथा क्षेत्र के लोगों की भलाई में जो भी कदम उठायें जायेंगे। हम उसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे और तन मन धन से सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे ए यज्ञसैनी वैश्य सत्य सेवा समिति कछौना द्वारा हमें ऐसे पुनीत एवं ऐतिहासिक क्षण के शुभ कार्य में भाग लेने तथा श्री राम दरबार की दिव्य छवि भेंट करके सेवा सम्मान दिया ।इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष व यू०जे० इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक जगदीश गुप्ता, श्री जानकी प्रसाद इंटर कॉलेज व एसएमडी पटेल महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ० शिवराज सिंह, शिवम मिश्रा सहित यज्ञसैनी वैश्य समाज के पदाधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

# योगी के गड्ढा मुक्त अभियान को जिम्मेदार लगा रहे पलीता

## ओनवा से त्यौंना गड्ढा युक्तमार्ग बयां कर रहीं गड्ढा मुक्तहोने के दावे

हरदोई। विधानसभा क्षेत्र बालामऊ के अंतर्गत ग्राम ओनवा से ग्राम त्यौना संपर्क मार्ग की हालत जनप्रतिनिधियों व प्रशासन की अनदेखी के चलते कई दशकों से युक्त पड़ी है। इस मार्ग पर कई गांव आते हैं। सड़क खराब होने के कारण आए दिन इस मार्ग पर हादसे होते रहते हैं। जिसका दंश आम जनमानस झेल रहे हैं। चुनाव के समय नेता बड़े आश्वासन की घुट्टी पिलाकर सुध नहीं लेते हैं। यह मार्ग दो विकासखंड कछौना व कोथावां को जोड़ता है। इस मार्ग पर कई दशकों से कोई कार्य नहीं कराया गया है। जिसके चलते पैदल चलना तक दुष्कर हो गया है। सबसे ज्यादा नौनिहाल व गर्भवती महिलाओं को दिक्कत होती है। कोई अनहोनी घटना पर इमरजेंसी वाहन गांव नहीं पहुंच पाते हैं। पूरा मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। यह मार्ग बालामऊ से बेनीगंज व कोथावां जाने का मुख्य मार्ग है। ग्रामीणों ने इस मार्ग के निर्माण हेतु जिला अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद को दर्जनों पत्र के माध्यम से अवगत कराया लेकिन आज तक किसी ने समस्या के निराकरण में रुचि नहीं दिखाई, जिसका खामियाजा आम जनमानस को उठाना पड़ रहा है। इस समस्या के विषय में लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के अवर अभियंता ने बताया इस सड़क के निर्माण हेतु स्टीमेट बनाकर शासन को भेज दिया गया। धनराशि स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य करा दिया जाएगा अथवा जनप्रतिनिधियों के रूचि लेने पर ही मार्ग निर्माण कार्य संभव है।

# मेडिकल कालेज में इलाज के अभाव में नवजात की मौत के मामले में जांच के आदेश

फिरोजाबाद। मेडिकल कालेज में एच.आई.बी पीड़ित महिला की डिलीवरी के दौरान इलाज में बरती गयी लापरवाही और नवजात की हुयी मौत के मामले में जांच के आदेश दे दिए गए है.कालेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और एनैस्थिसिया डिपार्टमेंट के हैड को इस मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गयी है.रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का दावा किया जा रहा है आपको बता दें कि मेडिकल कालेज में कल 21 नंबम्बर को प्रसव पीड़ा से परेशान एक महिला डिलीवरी के लिए आई थी. अस्पताल स्टाफ ने जब उसका रूटीन चेकअप कराया तो प्रसूता महिला एचआईबी पीड़ित निकली.महिला के परिजनों का आरोप था कि रिपोर्ट आने के बाद स्टाफ ने इलाज करने में लापरवाही बरतनी शुरू कर दी. लगभग छह घंटे तक उसका कोई इलाज नही हुआ और उसकी डिलीवरी की भी कोई व्यवस्था नही की गयी.बाद में परिजनों के हंगामे के बाद अस्पताल के स्टाफ ने महिला की डिलीवरी तो करायी लेकिन नवजात की जान नही बच सकी. इस मामले के सुर्खियों में आने के बाद मेडिकल कालेज की प्राचार्या ने अस्पताल का दौरा किया.उन्होंने बताया कि महिला अस्पताल के स्टाफ ने महिला का इलाज और सभी जांच सही तरीके से करायीं थी.डॉक्टर और स्टाफ भी मौजूद था लेकिन जिस तरह से परिजन आरोप लगा रहे है उसके मद्देनजर दो सदस्यीय एक जांच कमेटी बनायी गयी है जिसमें जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और एनेस्थीसिया डिपार्टमेंट के हैड को शामिल किया गया है,इनकी रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी

# दलित युवक की हत्या का खुलासा, दो आरोपी अरेस्ट

फिरोजाबाद। पांच दिन पहले हुयी एक दलित युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है.उस घटना को मृतक के दो साथियों ने ही अंजाम दिया था.घटना के पीछे मोबाइल गायब किये जाने का विवाद सामने आया है.पुलिसिया जांच में पूर्व प्रेमिका और उसके किसी साथी के शामिल होने के प्रमाण पुलिस को नही मिले है बताते चलें कि 18 नंबम्बर को रामगढ़ इलाके में रविदास नगर सैलई निवासी 25 बर्षीय विजय नामक एक युवक की ईटों से कुचलकर हत्या कर दी गयी थी और शव को एक सूनी कोठरी में छिपा दिया था.19 नंबम्बर को पुलिस ने रक्तरंजित हालत में शव बरामद किया था.मृतक के पिता ने इस हत्या में कुल छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था.पिता अशोक का आरोप था कि उसके बेटे की हत्या में एक महिला का हाथ है जो पहले एक साल तक उसके साथ रही थी बाद में दूसरे युवक के साथ रहने लगी थी.महिला और उसके वर्तमान प्रेमी ने अन्य साथियों के साथ मिलकर ही विजय की हत्या की है.इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब पुलिस ने आरोपियों में से दो आरोपी करुआ और राम प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया.पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि 18 नंबम्बर की रात हम तीनों लोग विजय करुआ और राम प्रकाश ने एक साथ बैठकर शराव पी थी.इसी दौरान राम प्रकाश का मोबाइल गायब हो गया था.राम प्रकाश को यह आशंका थी कि मोबाइल को विजय ने चुराया है.इसी बात पर विवाद हुआ और करुआ,राम प्रकाश ने ईट मारकर विजय की हत्या कर दी.पुलिस ने आला कत्ल ईंट और खून से सने त्रिपाल को बरामद कर लिया है.आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है

# सभी धर्मों के मूल में है इंसानियत:कुलपति

जौनपुर। साम्प्रदायिक सद्भाव प्रकोष्ठ एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से सात दिवसीय राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव सप्ताह मनाया जा रहा है स इसके तहत विश्वविद्यालय परिसर में सद्भाव दौड़ का आयोजन किया गया है । यह दौड़ सरदार पटेल प्रतिमा से शुरू होकर एकलव्य स्टेडियम होते हुए व्यवसाय प्रबंधन संकाय पर समाप्त हुआ ।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने सद्भाव दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया स इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का उद्देश्य एक ही है स सभी धर्मों का मूल तत्व इंसानियत है स लोगों को एक दूसरे के धर्मों के बारे में जानकारी होनी चाहिए स छात्रों को मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, गिरिजाघर आदि में भी जाना चाहिए स इन सभी धार्मिक स्थल पर सुख शांति की अनुभूति होती है स सभी धर्म ग्रन्थ मानवता की बात करते है स विविधता में एकता ही सांप्रदायिक सद्भाव के मूल मंत्र है । नोडल अधिकारी प्रो. मुराद अली ने कहा सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए लोगों को एक दूसरे के धर्म, भाषा, संस्कृति आदि से जागरूक होना चाहिए। उन्होंने छात्रों से अपील किया कि वे सांप्रदायिक सद्भाव सप्ताह में बढ़ चढ़कर के अनेक प्रतियोगिता में भाग ले। कार्यक्रम का संचालन प्रांकुर शुक्ला एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सैफुल हक ने किया । प्रो0 मानस पांडेय, प्रो. वी. डी. शर्मा, सहायक कुलसाचिव अजीत सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय राठौर, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ सुधीर उपाध्याय, डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ लक्ष्मी प्रसाद मौर्या, डॉ दिनेश कन्नौजिया, मोहम्मद शहाबुद्दीन, अभिनव श्रीवास्तव, अनुपम कुमार आदि उपस्थित थे ।

# एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में सात लोग घायल

फिरोजाबाद। नसीरपुर इलाके में रात एक कार टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गयी. हादसे में एक ही परिवार के छह लोग घायल हुए है.सभी को शिकोहाबाद के संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया है.हादसे में घायल सभी लोग फतेहपुर जनपद के रहने वाले है जो आगरा से लौट रहे थे इरशाद पुत्र अंसार निवासी प्रतापपुर थाना जफरगंज फतेहपुर अपने बच्चों के साथ आगरा किसी काम से गए थे..रात वह अपनी कार से आगरा से लौटकर अपने घर जा रहे थे.आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नसीरपुर के पास अचानक से कार का टायर फट गया जिससे कार असंतुलित होकर पलट गई.हादसा होते ही कार में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई. हादसा देखकर मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई. सूचना मिलते ही यूपीडा व पुलिस मौके पर पहुच गई.पुलिस ने सभी घायलों को कार से निकालकर शिकोहाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए. घायल हुए लोगों में अश्मा, इनाया पुत्री इरशाद, इरशाद पुत्र अंसाद, इरफान पुत्र अंसार, जाइदं पुत्र इरशाद, जेनव पत्नी इरशाद है.हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए. इस बारे में प्रभारी निरीक्षक गगन गौड़ ने बताया कि टायर फटने से कार में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं. सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है

# डॉ0 यशवीर सिंह ने किया व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र ।डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चुर्क, जनपद में स्थित सभागार कक्ष में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ के सम्बन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान मौजूद रहे जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों, बैंक मित्र व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ घटित अपराधिक घटनाओं एवं उनकी सुरक्षा को लेकर विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने–अपने दुकानोंध्संस्थानों मे सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग करने हेतु बताया गया साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय मे जानकारी की गयी तथा उनके सुरक्षा के सम्बंध मे व्यापारी बंधुओं द्वारा पुलिस से जो भी सहयोग मांगा जायेगा उसमे पुलिस द्वारा मदद का भरोसा दिलाया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन विजय शंकर मिश्र, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन अमित कुमार तथा व्यापार संघ से इन्द्रेश सिंह, सूरज ओझा, चन्द्र प्रकाश जायसवाल, शिवम शर्राफ तथा बैक मित्र से गनेश चन्द्र, बृजेश कुमार सहित जनपद के अन्य व्यापारीगणध बैंक मित्र मौजूद रहे।

**■ इस दौरान उपस्थित सभी व्यापारी बन्धुओं को सुरक्षा सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी'**

**■ सुरक्षा के द्दष्टीगत सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया गया निर्देश'**



# हथियार तस्करों पर पुलिस का चला डंडा, एक साल में 640 अपराधी जेल भेजे गए

फिरोजाबाद। पुलिस ने एक साल के दौरान हथियार तस्करों की कमर तोड़कर रख दी है.पुलिस ने एक साल के अंदर चलाये विभिन्न अभियानों के जरिये 640 अभियुक्तों को अवैध हथियारों से जुड़े अलग–अलग अपराधों में जेल भेजा है.एसएसपी आशीष तिवारी ने हथियार तस्करों के खिलाफ की गयी कार्रवाई के आंकड़ों को मीडिया से साझा भी किया है एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि फिरोजाबाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह, शिकंजा,पाताल जैसे अभियान चलाकर हथियार तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायी गयी है.साल 2022 में अवैध हथियार रखने वाले क्रिमिनल्स के खिलाफ 629 एफआईआर दर्ज की गयीं और 640 अपराधियों को जेल भी भेजा गया है.इन अभियानों में 18 शस्त्र फैक्ट्रियों का पुलिस द्वारा भंडाफोड़ भी किया गया है.जनपद में 652 अवैध तमंचा,1045 अवैध कारतूस,10 पिस्टल,9 बंदूकों,दो स्टेनगन और दो रिवाल्वर बरामद की जा चुकीं है.एसएसपी ने बताया कि इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा और जो भी व्यक्ति नाजायज हथियार का इस्तेमाल करेगा,उनकी खरीद फरोख्त करेगा,उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी. एसएसपी ने बताया कि जनपद में गठित हाल चाल दस्ता और सी प्लान एप के जरिये ऐसे अपराधियों के बारे में जानकारी इकट्ठी की जा रही है

# नगर में धूमधाम से मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई जयंती

फिरोजाबाद। सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की दीपशिखा,झांसी की रानी की चिर संगिनी अमर शहीद वीरांगना झलकारी बाई की 192 वी जयंती नगर में धूमधाम से मनाई गई,अनुआइयों एवं गणमान्य नागरिकों ने झलकारी बाई प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रातः 8 बजे से बस स्टैंड के निकट स्थापित वीरांगना झलकारी बाई प्रतिमा पर अखिल भारतीय कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास शंखवार एवं शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष अभय कबीरपंथी के नेतृत्व में समाज के लोग और विभिन्न राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि गण एकत्रित हुए और वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को नमन किया ।माल्यार्पण का सिलसिला दिन भर चलता रहा। इस अवसर पर महापौर नूतन राठौर,महानगर अध्यक्ष भाजपा राकेश शंखवार, उपसभापति योगेश शंखवार, बाबूराम निशंक,अमित माहोर, शिवकुमार शंखवार, पार्षद मनोज शंखवार,विद्याराम शंखवार,प्रेमचंद शंखवार,हेतसिंह शंखवार,मनोज ताऊ,उदयप्रताप सिंह,रामप्रकाश शंखवार,वीपीसिंह,केशवदेव,धर्मदास,सूरजपाल क्रांति,रामदास मानव,राधेश्याम यादव,केशव सिंह फौजी,अजीत अग्रवाल,रामू गुप्ता,शिवमोहन श्रोतीय,नरेश शंखवार,पप्पू सिंघानिया,शांतिदास शंखवार,लक्ष्मण सिंह कंडेरे,श्मिथलेश,धनदेवी,चंद्रकांता शंखवार,राधा शंखवार आदि ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## डेंगू का प्रकोप बढ़ा, पीड़ित मिला सिपाही

देवरिया। जिले में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। प्रतिदिन मरीज मिल रहे हैं। एक सिपाही भी पीड़ित मिला है। उसे मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखकर चिकित्सक ने मंगलवार को उसे रेफर कर दिया। इस समय अस्पताल में डेंगू के एक मरीज का इलाज चल रहा है। डेंगू पांव पसार रहा है। शहर के मोहल्लों के अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मरीज मिल रहे हैं। दूसरे जनपद तथा प्रांत से आने वाले लोग भी पीड़ित मिल रहे हैं। जिले के बघौचघाट थाने पर तैनात कांस्टेबल कई दिनों से बुखार से पीड़ित है। निजी डॉक्टर से दवा ली, लेकिन आराम नहीं मिला। शनिवार की शाम उसे इमरजेंसी से जिला अस्पताल के डेंगू वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। उसके ब्लड की जांच कराई गई। रिपोर्ट में प्लेट्लेट्स काफी कम थे। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। वार्ड में भर्ती मरीजों में एक को छुट्टी दे दी, जबकि एक मरीज का इलाज चल रहा है। जांच के लिए उसके ब्लड का सैंपल दिया गया है। वहीं, सोमवार को ओपीडी में आए मरीजों में लक्षण मिलने पर सोलह लोगों की जांच कराई गई, जिसमें पांच संदिग्ध मरीज मिले हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मिश्रा ने बताया कि डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए इंतजाम किए गए हैं। एमसीएच विंग में बीस बेड का वार्ड बनाया गया है, जहां चिकित्सक व स्टाफ नर्स की ड्यूटी लगाई गई है। दवा व जांच की निशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

## दुकानदार से रकम लूटने की कोशिश का आरोप

बनकटा/रामपुर बुजुर्ग। क्षेत्र के बनकटा–भैंसही मार्ग पर सोमवार की रात बाइक सवार दो बदमाशों ने दुकानदार पर पिस्टल के बट से हमला कर रकम लूटने की कोशिश की। हालांकि, वे सफल नहीं हुए। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भैंसहीं गांव निवासी धनेश जायसवाल की बनकटा बाजार में किराने की दुकान है। रात करीब नौ बजे वह दुकान बंद करने के बाद घर जा रहे थे। इसी बीच बनकटा स्टेशन के पश्चिमी ढाले से करीब दो सौ मीटर आगे संजय तिवारी के घर के पास रात करीब नौ बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने व्यवसायी पर पिस्टल के बट से हमला कर दिया और कैश लूटने की कोशिश करने लगे। दुकानदार की चीख सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे तो बदमाश फरार हो गए। मामले में पीड़ित ने स्थानीय थाने में पड़ोस के गांव के दो युवकों को नामजद करते हुए तहरीर दी है। बनकटा थानाध्यक्ष बरजोर सिंह ने बताया कि घटना लूट की कोशिश की नहीं, बल्कि मारपीट की बताई जा रही है। लूट की कोशिश करने का कोई सबूत नहीं मिला है।

## पराली जलाने पर नौ किसानों को किसान सम्मान निधि रोकने का नोटिस, नियम की अनदेखी पर हुई कार्रवाई

देवरिया। प्रशासन के पराली जलाने पर रोक लगाने के बाद भी जलाने पर नौ किसानों को किसान सम्मान निधि रोकने की नोटिस जारी किया गया है। उन्हें कृषि विभाग से मिलने वाली अन्य सरकारी योजनाओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने पर विचार–विमर्श किया जा रहा है। वहीं, आठ तकनीकी सहायकों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। उपनिदेशक कृषि विकेश कुमार पटेल ने बताया कि जनपद में शुभम बॉयो एनर्जी द्वारा 42 किसानों से करीब दो सौ टन पराली डेढ़ सौ रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदी गई है। पर्यावरण दूषित न होने पर खेतों में जैविक व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए शासन ने खेतों में पराली जलाने पर मना किया है। इसके बाद भी कई किसान के खेतों में पराली जलाते मिले। इस पर नौ किसानों को किसान सम्मान निधि रोकने के लिए नोटिस दिया गया है। इसके बाद कृषि विभाग की तरफ से मिलने वाले सुविधाओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने पर विचार किया जा रहा है। प्रशासन ने पहले भी सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया था कि वे अपने–अपने क्षेत्र में रहकर पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाएं। इसके बाद भी कुछ कर्मचारियों के क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाएं आ रही हैं।

## मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ युवाओं का फूटा आक्रोश किया प्रदर्शन

मीरजापुर। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के लहंगपुर कस्बे में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। युवा रामसेना जिलाध्यक्ष राहुल पांडे के नेतृत्व में लहंगपुर ओवर ब्रिज के पास प्रदर्शन करते हुए अवैध मादक पदार्थों की बिक्री बंद करने को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। आरोप लगाया कि इलाके में पुलिस के संरक्षण में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है जिससे युवाओं का भविष्य नष्ट हो रहा है और वह नशे की गिरफ्त में आकर जीवन खराब कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन करने वालों में युवाओं की संख्या अधिक रही है।

## राज्यस्तरीय पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप में मिर्जापुर ने जीता 6 गोल्ड एक ब्रोंज मेडल

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संपन्न हुए राज्यस्तरीय पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप में मिर्जापुर की टीम ने 6 गोल्ड व एक ब्रोंज मेडल जीता है। लखनऊ के बाबू केडी सिंह स्टेडियम में 18 से 20 नवंबर के बीच संपन्न हुए राज्य स्तरीय बेंच प्रेस एवं पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में मिर्जापुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड मेडल एवं एक ब्रोंज मेडल पर अपना कब्जा जमाकर जनपद का नाम रौशन किया। इस प्रतियोगिता में टीम की ज्योति सिंह ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। टीम के कोच कमलापति त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि सीमित संसाधनों और घोर अभावों के बीच भी ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को तराशने का उनका यह अभियान निरंतर जारी है।

## टीवी उपचार के बारे में दी गई विस्तार से जानकारी

मीरजापुर। प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत 2025 अभियान को साकार बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज के कोलकम कला गांव के मलिन बस्ती में टीबी रोग से संबंधित जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। जिसमे क्षय रोग विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने समस्त लक्षण की जानकारी कराते हुए सरकारी स्तर पर मुफ्त ईलाज प्रदान किए जा रहे है, कि जानकारी देते हुए जांच और इलाज की सुविधा के विषय में विस्तार से जानकारी दिया। कहा की सरकार द्वारा टीबी रोगियों को पूरा इलाज अवधि तक ५०० प्रति माह पोषण योजना के तहत उनके खाते में दिया जाता है। पर्यवेक्षक ने लोगों से अनुरोध किया कि कोई भी संदिग्ध लक्षण पास पड़ोस में यदि आप को दिखाई देता है तो उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पर भेजने का कार्य करें, जिसमें समाज के अन्य दूसरे व्यक्ति को प्रभावित होने से बचाया जा सकें. बताया कि सभी के प्रयासों से ही प्रधानमंत्री के 2025 तक टीबी मुक्त भारत को समाप्त करने के लिए पूरा किया जा सकें. कैंप में शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, प्रदीप, आशा सरिता मौर्य, नीरज एलटी सहित गांव के प्रधान, बाबूलाल, अजीत कोल, रामपाल आदि लोग उपस्थित थी.

# स्कूल में पहुंचे डीएम, तीन शिक्षक मिले अनुपस्थित

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को सदर ब्लॉक क्षेत्र स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय, नगउर का औचक निरीक्षण किया। इसमें प्रधानाध्यापक सहित तीन शिक्षक बिना सक्षम प्राधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित मिले। विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत हुए कार्यों की दुर्दशा पर भी डीएम ने नाराजगी जताई।

डीएम 2.45 बजे उच्च प्राथमिक विद्यालय, नगउर पहुंचे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु मिश्रा, सहायक अध्यापिका संयुक्ता पांडेय व जया उपाध्याय अनुपस्थित मिलीं। मौके पर मौजूद सहायक अध्यापक रामानुज मिश्रा ने जिलाधिकारी को बताया कि प्रधानाध्यापिका ने मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी से अर्जित अवकाश स्वीकृत कराया है और वह विगत तीन दिनों से विद्यालय नहीं आ रही हैं। डीएम ने तत्काल मोबाइल पर बीईओ सदर विजयपाल नारायण सिंह से अवकाश स्वीकृति की स्थिति पूछी। बीईओ ने उनके किसी भी तरह के अवकाश आवेदन न होने की जानकारी दी।

डीएम ने सहायक अध्यापिका संयुक्ता पांडेय के अवकाश स्वीकृति के संबंध में जानकारी मांगी। सहायक अध्यापक रामानुज मिश्र ने बताया कि वह प्रधानाध्यापिका मधु मिश्रा की अनुमति से आकस्मिक अवकाश पर हैं। डीएम ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जो व्यक्ति खुद कथित रूप से तीन दिनों से अर्जित अवकाश पर है, वह किसी अन्य की छुट्टी कैसे स्वीकृत कर सकता है।

डीएम ने बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के विद्यालय से मनमाने तरीके से अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की और प्रधानाध्यापिका सहित तीनों अनुपस्थित शिक्षकों के नवंबर माह के वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। साथ ही उपस्थिति पंजिका में बिना किसी अभिलेखीय साक्ष्य के ईएल एवं सीएल चढ़ाने पर सहायक अध्यापक रामानुज मिश्र से स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में मिशन कायाकल्प के तहत हुए कार्यों का भी निरीक्षण किया। विद्यालय में बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगे नल बंद मिले। शौचालय में भी ताला लगा मिला। विद्यालय में स्वच्छता की भी कमी मिली। जिलाधिकारी ने विद्यालय की दुर्दशा पर असंतोष व्यक्त किया तथा खंड शिक्षा अधिकारी को तीन दिन के भीतर विद्यालय की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

# पुनरीक्षण विशेष अभियान में 36 बीएलओ अनुपस्थित मिले

देवरिया। मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नाम परिवर्धन, विलोपन एवं संशोधन के लिए विशेष अभियान दिवस का सातों विधानसभा क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। इसमें 36 बीएलओ अनुपस्थित पाए गए। उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसका निरीक्षण किया गया। इसमें कई बीएलओ गैरहाजिर मिले। रुद्रपुर तहसील से संतोष कुमार त्रिपाठी सहायक अध्यापक, जितेंद्र मणि त्रिपाठी सहायक अध्यापक, संजय कुमार चौहान शिक्षामित्र, उर्मिला चौहान शिक्षामित्र, बसंती देवी शिक्षामित्र, नूर आलम सहायक अध्यापक, मीना देवी शिक्षामित्र, सीमा यादव सहायक अध्यापक को अनुपस्थित पाया गया।

तहसील सदर से जयदीप कुमार सिंह सहायक अध्यापक, मधु जायसवाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नाजमा खातून आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अमीर आलम अंसारी सहायक अध्यापक, इंद्रजीत कुशवाहा रोजगार सेवक, सुनील कुमार रोजगार सेवक, तहसील पथरदेवा से प्रमोद कुमार आजाद सहायक अध्यापक, रामपुर कारखाना से श्याम प्रसाद, सहायक अध्यापक, राकेश कुमार सिंह अनुदेशक, रामअवतार प्रधान अध्यापक, मंजू तिवारी आशा कार्यकर्ता, तहसील भाटपाररानी से विजय लक्ष्मी यादव शिक्षा मित्र, नीरज देवी सहायक अध्यापक, मुन्नी देवी सहायक अध्यापक, विनोद कुमार सहायक अध्यापक, सत्येंद्र प्रताप सिंह शिक्षा मित्र को अनुपस्थित पाया गया।

तहसील सलेमपुर से राहुल कुमार साहू सहायक अध्यापक, पिंकी रोजगार सेवक, श्वेता जायसवाल सहायक अध्यापक, शशि सहायक अध्यापक, रत्नेश्वर कुमार मिश्रा सहायक अध्यापक, आजाद राय रोजगार सेवक, श्रेय गौड सहायक अध्यापक, मुसाफिर यादव सहायक अध्यापक, राजेश कुमार यादव सहायक अध्यापक, तहसील बरहज से बिंदु सिंह शिक्षा मित्र, रघुनाथ सहायक अध्यापक, सारिका जायसवाल सहायक अध्यापक अनुपस्थित थीं।

# मिर्जापुरः बालरोग विशेषज्ञ के ऊपर गर्भपात कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज

मीरजापुर। जिले में मंडलीय अस्पताल में तैनात बालरोग विशेषज्ञ डॉक्टर देवराज यादव के ऊपर एससी, एसटी सहित कोतवाली शहर में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। ऐसे में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद डॉक्टरों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया है, डॉक्टरों का कहना है डॉ देवराज यादव पर दर्ज मुकदमां वापस हो। मिर्जापुर जिले के मंडलीय अस्पताल में तैनात बालरोग विशेषज्ञ डॉ देवराज यादव के ऊपर महिला ने गर्भपात कराने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया है महिला ने शहर कोतवाली में आरोप लगाते हुए कहाकि डॉ देवराज यादव ने अपने रिश्तेदार के कहने पर दवा देकर हमारा गर्भपात कराया और विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दी, पुलिस ने डॉ देवराज यादव के खिलाफ एससी एसटी सहित अन्य गंभीर धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। डॉ देवराज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद डॉक्टरों ने अपना विरोध काली पट्टी बांध कर जताया है, डाक्टरों ने ओपीडी में काली पट्टी बांधकर कार्य किया और विरोध जताया। डॉ तरुण सिंह ने बताया कि सोनी देवी नाम की एक महिला है ने बाल रोग विशेषज्ञ देवराज यादव के ऊपर गर्भपात कराने के आरोप में ब–ज सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, इससे पहले भी महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ संजय पांडेय के ऊपर भी धारा 304 के तहत फर्जी मुकदमा दर्ज किया था, डॉ तरुण ने सोनी देवी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह महिला लोगों से पैसे ऐंठने के लिए लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसा कर सुलह समझौते के नाम पर पैसे की मांग करती है, ऐसा एक प्रकरण कोतवाली शहर में पहले भी महिला के खिलाफ पंजीकृत है। डॉ तरुण ने शासन और प्रशासन से मांग किया है कि डॉ देवराज यादव पर दर्ज फर्जी मुकदमे का मजिस्ट्रेट से जांच करा कर मामले का निस्तारण किया जाए अन्यथा हम डॉक्टर कार्य करने से विरत रहेंगे। मंडलीय अस्पताल के एसआईसी डॉ नंदलाल प्रसाद ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहाकि हमारे चिकित्सक के खिलाफ जो मुकदमा लिखा गया है वह पूर्णतया फर्जी है, पुलिस को मुकदमा दर्ज करने से पहले मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अरबी कमल और हमारे संज्ञान में नहीं डाला गया, एकतरफा डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। जबकि डॉ देवराज यादव बालरोग विशेषज्ञ है, वह अस्पताल के कैंपस में रहकर इलाज करते है, पुलिस को किसी सरकारी कर्मचारी के ऊपर मुकदमा लिखने से पहले उनके उच्च अधिकारियों के संज्ञान में देना चाहिए जिसके बाद कार्यवाही करना चाहिए लेकिन पुलिस ने एक तरफा कार्यवाही किया, जिसकी वजह से हम लोग आहत है। डॉ नंदलाल प्रसाद ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहाकि बिना तहकीकात के हम डॉक्टरों के ऊपर मुकदमा लिखा जा रहा है पूर्व में भी ऐसा हो चुका है, जिसके वजह से हम लोग विरोध कर रहे हैं प्रशासन से हमें उम्मीद है कि मामले पर संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करेगी, जिससे हम डॉक्टरों को कोई कठोर कदम ना उठाना पड़े।

# फिल्म अभिनेता सीपी भट्ट के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। सहजनवा। द्वारा इस आयोजन को सफल बनाया गया।सी पी भट्ट ने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ किया गया ,इस आयोजन मे सभी मरीजों का निशुल्क





समधिया चौराहा चांदबारी घघसरा मे, फिल्म अभिनेता सीपी भट्ट ने समाज में अंधता को दूर करने के इस अभियान में एक अमूल्य योगदान दे रहे हैं निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कर सैकड़ों मरीजों ने इस सुविधा का लाभ उठाया ,उन्हें जांच कर के दवा दिया गया तथा निशुल्क उनके मोतियाबिन का ऑपरेशन दूरबिन से करा के लेंस लगाया गया। बता दे राज आई हॉस्पिटल के तत्वाधान में डा दीपू प्रजापति के तरह का आयोजन अभी वो पूरे सहजनवा,विधान सभा में फिर पूरे गोरखपुर जनपद में कराते रहेंगे।सी पी भट्ट ने अपने अभिनय से करोड़ो दर्शकों का दिल जीता हैअब वो जनता में रील के बाद रियल हीरो बनते जा रहे है।सी पी भट्ट समाज सेवा में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते रहते है। इस शिविर के संयोजक प्रमीत श्रीवास्तव ग्राम प्रधान चांदबारी मुख्य अतिथि शशि प्रताप सिंह(ब्लाक प्रमुख पाली) के द्वारा फीता काट के जांच एवं दवा वितरण हुआ राज आई हॉस्पिटल लाखो लोगो की अंधता दूर कर चुका है आगे सीपी भट्ट ने कहा समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है।निशुल्क नेत्र शिविर में मुख्य रूप से राम अवतार प्रजापति,मुकेश यादव, ंकज सैनी मिनवा, सुनील कुमार यादव, अंकित यादव, डा सूरज गौड़, अंकित दुबे,लाल बचन, सूर्यभान यादव,(पशु चिकित्सक),श्रवण कुमार प्रधान घुरियापार, बाबू लाल यादव थे उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान कुशभौना में हुआ खुली बैठक’

## किया गया तमाम कार्यों पर विचार विमर्श

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार।सदर विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुशभौना के



प्राथमिक विद्यालय के मीटिंग हाल में सोशल आडिट और खुली बैठक किया गया।जिसमें आवास,इंटरलॉकिंग, नाली,चकमार्ग के अलावा,बृद्धा, विधवा,विकलांग पेंशन सहित तमाम मुद्दों पर विचार किया।तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुए कार्यों का सोशल आडिट द्वारा जाँच किया गया।लोगों को सरकार के जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में बताया गया।ग्राम पंचायत कुशभौना में स्थित प्राथमिक विद्यालय के मीटिंग हाल में ग्राम पंचायत की खुली बैठक और सोशल ऑडिट की बैठक हुई।जिसमें ग्राम पंचायत में हुए पक्का कार्य,इंटरलॉकिंग, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, नाली,मिट्टी कार्य,बृद्धा,विधवा,विकलांग पेंशन आदि पर चर्चा हुआ।इसके अलावा छूटे हुए विकास कार्यों पर चर्चा हुआ।इस अवसर पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी वसिकुर्रहमान,ग्राम प्रधान चंद्रमणि यादव,रोजगार सेवक बगेदन,सोशल ऑडिट के क्वाडीनेटर मीना भारती, संजय कुमार,मीना भारती, नागेंद्र कुमार, चंद्रशेखर मौर्य, स्वामीनाथ,नीरज,कुतुबनिशा,महादेव, तीरथ, राजमती,राजकिशोर, शशिकला, कुशुम,बाबूलाल, कन्हैया, महेश,मतलू, लालू सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत सुकरौली की सीमा पर क्षेत्रीय अध्यक्ष डा० धमेन्द्र सिंह हुआ जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सुकरौली बाजार/कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के



क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डा० धमेन्द्र सिंह का नगर पंचायत सुकरौली के सीमा पर आज भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री एवं अखिल भारतीय राजभर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव, बरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुकरौली पूर्व ग्राम प्रधान, नगर पंचायत सुकरौली चेयरमैन पद के प्रत्याशी अशोक कुमार पत्रकार के नेतृत्व मे योगी, मोदी, डा० धमेन्द्र सिंह, अशोक पत्रकार, श्रीभागवत चौहान जिन्दाबाद, जिन्दाबाद, के गगनभेदी नारो के साथ जोरदार स्वागत किया गया भाजपा के बरिष्ठ नेता एव चेयरमैन पद के पत्याशी अशोक कुमार पत्रकार ने अंग बस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया स्वागत करने वालो प्रमुख रूप भाजपा नेता रामनक्षत्र सिह, विनोद सिह, रामअशीष चौहान, अवधेश सिह, अमन सिह, राजेन्द्र कुमार उर्फ राजा बाबू, जितेन्द्र कुमार, राहुल सिंह, सुनील चौहान, घनश्याम चौहान, जयश्रीराम, विकाऊ प्रसाद, रुदल चौहान, रत्नाकर, मनीष राजभर आदि प्रमुख लोगो ने स्वागत किया। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डा० धर्मेन्द्र सिंह, स्वागत से काफी अभीभूत होकर निकाय चुनाव मे भाजपा को जिताने के कार्यकत्ताओ. का आहावान किया।

## संन्तराज यादव का हुआ जोरदार स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सुकरौली बाजार/कुशीनगर। उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैक के सभापति



दर्जा प्राप्त मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य संन्तराज यादव, का नगर पंचायत सुकरौली के सीमा पर भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री एवं अखिल भारतीय राजभर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव, बरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुकरौली पूर्व ग्राम प्रधान, नगर पंचायत सुकरौली चेयरमैन पद के प्रत्याशी अशोक कुमार पत्रकार के नेतृत्व मे योगी, मोदी, संन्तराज यादव, अशोक पत्रकार, श्रीभागवत चौहान जिन्दाबाद, जिन्दाबाद, के गगनभेदी नारो के साथ जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा के बरिष्ठ नेता एव चेयरमैन पद के पत्याशी अशोक कुमार पत्रकार ने अंग बस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया स्वागत करने वालो प्रमुख रूप भाजपा नेता रामनक्षत्र सिह, विनोद सिह, रामअशीष चौहान, अवधेश सिह, अमन सिह, राजेन्द्र कुमार उर्फ राजा बाबू, जितेन्द्र कुमार, राहुल सिंह, सुनील चौहान, घनश्याम चौहान, जयश्रीराम, विकाऊ प्रसाद, रुदल चौहान, रत्नाकर, मनीष राजभर आदि प्रमुख लोगो ने स्वागत किया। मंत्री संन्तराज यादव स्वागत से काफी अभीभूत होकर निकाय चुनाव मे भाजपा को जिताने के कार्यकत्ताओ का आहावान किया।

# बोरे के अभाव में धान खरीद हो रही प्रभावित

## एसडीएम का फरमान पड़ा ठण्डे बस्ते में

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। विकास खण्ड व सदर विकास खण्ड में बोरे के अभाव में धान खरीद हो रही प्रभावित, घोरावल एस डी एम का फरमान पड़ा ठंडे बस्ते में। किसान हो रहे हलकान। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तरफ जहां किसान बारिश के अभाव में सूखे की मार झेल रहा है, किसानों को समय से पानी धान की फसल के लिए मुख्य घाघर नहर से नहीं मिला, मिला भी तो ऊँट के मुंह में जीरा जैसे, जिसमें फसल सूख गई, किसी तरह जुगत कर किसान अपने खून पसीने से फसलों को तैयार कर गोदाम पर लाया तो बोरे का अभाव जैसे शब्दों को सुन हैरान रह गया। बता दें किसान किसी प्रकार धान पैदा कर आन लाइन पंजीकरण कराया, क्षेत्रीय लेखपाल के माध्यम से आन लाइन का सत्यापन कराया, फिर फसल तैयार कर नजदीकी खरीद केंद्र गोदाम पर धान बेचने के लिए नम्बर लगाया। परंतु ऑफ लाइन, आन लाइन बोरी के चक्कर में किसान चक्की की तरह पीसने को मजबूर हो गया है।पत्रकारों ने आज धान खरीद केंद्र पर जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया तो ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हुई। एक नवम्बर से सरकारी धान खरीद का फरमान जारी किया



गया। 12 नवम्बर से खरीद शुरू हुई जिसमें करमा खरीद केंद्र पर आन लाइन 12 किसानों से 620 कुन्तल खरीद हुई, जबकि ऑफ लाइन 600 कुन्तल की खरीदारी की गई। केन्द्र प्रभारी श्री तिवारी ने बताया कि किसानों के 600 कुन्तल धान बोरे के अभाव में आन लाइन नहीं चढ़ सका है। फुलवारी केंद्र प्रभारी धीरज तिवारी ने बताया कि 178 कुन्तल 80 किलो धान खरीद लिया गया है। बोरे का अभाव में हर दिन किसानों के गुस्से का शिकार होना पड़ रहा है। पांपी केंद्र प्रभारी सुरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि कुल 22 किसानों का 934 कुन्तल धान खरीद लिया गया है। ऑफ लें बोरी पचास प्रतिशत किसी तरह बिना समय के मिल रही है परंतु पचास प्रतिशत बोरी के अभाव में खरीदारी करने में ब्यवधान उत्पन्न हो रहा है। इस सम्बंध में डिप्टी अमित चौधरी पीसीएफ से सेल फोन पर बात की गई तो उन्होंने ने बताया कि क्रय लागिग के अनुसार साठ प्रतिशत पुरानी बोरी से हम सचिवो के पास क्रय केंद्र पर भेज कर खरीद करा रहे हैं परंतु पचास प्रतिशत नये बोरी की समस्या के लिए डीएस को बुलाया है, उन्होंने कहा कि नए बोरी के लिए पेमेंट कर देगें। श्री चौधरी ने कहा कि आज के बाद समस्याओं का निदान हो जायेगा। वहीं दूसरी तरफ किसानों की मानें तो एक सप्ताह पूर्व एस डी एम घोरावल करमा क्रय केंद्र पर आये थे किसानों को बोरे के लिए परेशान न करने के लिए सम्बंधित को ब्यवस्था पूर्ण करने की हिदायत दी थी। परंतु किसानों के सामने समस्या जस की तस बनी हुई है। किसानों ने इस सम्बंध में जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# एएसपी की अध्यक्षता में बाल अधिकारी व कर्मचारी की मासिक समन्वय गोष्ठी आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। विजय शंकर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन



सोनभद्र की अध्यक्षता में पुलिस लाईन चुर्क, के सभागार कक्ष में एएचटीयूध्एसजेपीयू की मासिक समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जे०जे०बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण समिति सदस्य, जिला प्रोबेशन कार्यालय, श्रम विभाग, बाल संरक्षण अधिकारी, बाल सुरक्षा सलाहकार, वन स्टॉप सेन्टर, एएचटीयूध्एसजेपीयू के कर्मचारीगण तथा जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस आधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे। गोष्ठी में जनपद के सभी बाल कल्याण पुलिस अधिकारियोध कर्मचारियों को ष्किशोर न्याय अधिनियम देख–रेख एवं संरक्षण अधिनियम 2012ष् पोक्सो एक्ट, के बारे मे निर्देशित करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया गया । बच्चों के मामले मे संवेदीकरण एवं बच्चों के मामले को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के संबंध मे जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

# हवन से मन और पर्यावरण दोनों शुद्ध होता है: महाप्रबंधक कुलश्रेष्ठ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में




भव्य हवन–यज्ञ का प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान विद्यालय के नामित अध्यक्ष अमित कुमार कुलश्रेष्ठ, (महाप्रबंधक टीएस) एवं उनकी पत्नी श्रीमती दीपाली कुलश्रेष्ठ रहीं। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा छात्र–छात्राओं ने करतल ध्वनि के द्वारा दोनों यजमानों का स्वागत किया। हवन कार्यक्रम में विद्यालय की धर्म–शिक्षिका के निर्देशन में सभी शिक्षक–शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राओं ने बड़े हीं उत्साह से भाग लिया। हवन कार्यक्रम के बाद मुख्य यजमान दीपाली कुलश्रेष्ठ एवं अमित कुमार कुलश्रेष्ठ ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का विशेष संदेश दिया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र–छात्राओं की कैबिनेट के गठन की घोषणा की गयी। बारहवीं की छात्रा रानू–हेड गर्ल, अख्तर रजा–हेड ब्वाय, रिसिका सिंह–डिप्टी हेड गर्ल, रितिक सिंह–डिप्टी हेड ब्वाय, अनमोल पनिका–स्पोर्ट्स कैप्टन ब्वायज, ऊषा कुमारी–स्पोर्ट्स कैप्टन गर्ल्स, अमन गुप्ता–कल्चरल कैप्टन ब्वायज, स्नेहा सिंह को कल्चरल कैप्टन गर्ल्स की जिम्मेदारी दी गयी। उक्त अवसर पर मौजूदअमित कुमार कुलश्रेष्ठ एवं दीपाली कुलश्रेष्ठ ने संयुक्त रूप से सभी छात्र–छात्राओं को बैच प्रदान कर बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। इस आशय की जानकारी शिक्षक अनंत मोहन ने दिया।

# डॉ0 यशवीर सिंह ने झण्डा दिवस के अवसर पर फहराया झण्डा'

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सोनभद्र में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र



डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा पुलिस झंडा का ध्वजारोहण कर सलामी दी गयी । पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने सम्बोधन में बताया गया कि "यह ध्वज हमारे गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है, पुलिस ध्वज को फहराने और उसके प्रति सम्मान प्रदर्शित करते समय हमें स्वाभिमान एवं गर्व की अनुभूति होती है, हम सभी में कर्तव्यनिष्ठा की नई उर्जा संचरित होती है । यह ध्वज हमें नये जोश और उत्साह के साथ कर्तव्यपालन के लिए प्रेरित करता है । इतिहास हमारे निष्ठावान साथियों की अनवरत ड्यूटी, कर्तव्यपरायणता, जन–सेवा पराक्रम तथा कर्तव्यपथ पर प्राणोत्सर्ग करने वाले आत्म बलिदानी वीर साथियों की अनगिनत गाथाओं का साक्षी है इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगणों को पुलिस झण्डा दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए पुलिस कर्मियों को पुलिस विभाग के गौरवशाली अतीत की गरिमा बनायें रखने एवं शौर्यपूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये गये संदेश को समस्त अधि0ध कर्मचारीगण को पढ़कर सुनाया गया, बताया गया कि पुलिस ध्वज देश की सेवा एंव लोकसेवा में अपने कौशल, शौर्य एंव कर्तव्य परायणता का प्रतीक है । जैसा कि आप सभी अवगत है कि 23 नवम्बर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरु जी ने पुलिस कार्य के सभी क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस झण्डा प्रदान किया गया है । उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है जिसे सबसे पहले पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों द्वारा अपने–अपने थानों पर भी पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस झण्डा का ध्वजारोहण कर सलामी दी गयी तथा पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये गये संदेश को भी पढ़कर सुनाया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन विजय शंकर मिश्र, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु अमित कुमार एवं प्रतिसार निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# थानों,चौकियों एवं कार्यालयों पर झण्डारोहण कर मनाया गया "पुलिस झण्डा दिवस"

बाराबंकी। भारत के प्रथम मा.प्रधानमंत्री द्वारा शौर्य प्रदर्शन एव उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता के फलस्वरुप 23 नवम्बर 1952



को उत्तर प्रदेश पुलिस व पी.ए.सी को पुलिस कलर व झण्डा प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रतिवर्ष 23 नवम्बर को "पुलिस झण्डा दिवस" के रुप में मनाया जाता है। इसी के अनुक्रम में 23.नवम्बर को पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों को उनकी सेवा, शौर्य और शहादत के लिए नमन करते हुए रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं पुलिस लाइन में उपस्थित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण को सम्बोधित करते हुए पुलिस झण्डा दिवस का प्रतीक चिह्न लगाकर श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पढ़कर सुनाया गया। उक्त अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी–दक्षिणी व क्षेत्राधिकारी नगर–सदर, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें। इसी अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट, हैदरगढ़, रामनगर व फतेहपुर द्वारा अपने कार्यालयों में तथा समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों–चौकी प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना–चौकी परिसरों पर पुलिस ध्वज फहरा कर श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पढ़कर सुनाया गया।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरुआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# एस आर इंटर कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। धरसड़ा घोरावल स्थित एस आर इंटर कालेज पर



विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बुधवार को कालेज परिसर में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में दर्जनों छात्रों नेउ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में वायु के प्रभाव, प्रदूषण नियंत्रक, सोलर व्यवस्था से सिंचाई, देशी वैक्यूम क्लीनर, गोबर से गैस और उससे ऊर्जा का प्रदर्शन, आदर्श गांव का आदर्श घर आदि का प्रदर्शन प्रदर्शनी में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय इंटर कालेज के विज्ञान के अध्यापक संतोष कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रीन फील्ड ट्रस्ट आफ भारत के प्रबंध निदेशक अनुराग पांडेय मौजूद रहे। छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों में विज्ञान के प्रति जागरूकता आज के समय की मांग है। आज के समय में विज्ञान ने पूरे विश्व की दिशा ही बदलकर नए रूप में दिख रही है। छात्रों को नए अविष्कारों के अध्ययन करने के साथ ही कुछ नया करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि अनुराग पांडेय ने छात्रों को अपने लक्ष्य के निर्धारण के प्रति सजग रहने को कहा। बताया कि छात्रों को अपने लक्ष्य को जीना पड़ता है तब जाकर सफलता मिलती है। जितना जल्द छात्र अपना उद्देश्य तय कर ले उतना ही लक्ष्य सरल हो जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय गोस्वामी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तथा विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल रहे।

# तलाक न देने पर पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा

बाराबंकी। फतेहपुर थाना क्षेत्र का मामला है जहां पति ने पत्नी



से तलाक मांग रहा था । पत्नी रहना चाहती थी पति रखना नहीं चाहता था। लेकिन पत्नी रूही तलाक देने से इंकार कर रही थी पति के साथ जीवन यापन करना चाह रही थी।लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र बेटा ग्राम पंचायत के निवासी मो० हनीफ की पुत्री थी पीड़ित रूही। मो० हनीफ मुस्लिम रीति–रिवाजों के अनुसार 12 अगस्त 2020 में बाराबंकी थाना फतेहपुर क्षेत्र बसहारा निवासी मो० अरमान पुत्र मो० मोमता से निकाह किया था। रोही का आरोप है कि ससुराल में हमारे गरीबी का मजाक उड़ा जाता था दान दहेज का ताना दिया जाता था तमाम प्रकार से प्रताड़ित किया जाता था।रूही का पति अरमान बिहार से दूसरी शादी कर अपने घर में जीवन यापन कर रहा है। पत्नी रूही को जानकारी होने के बाद आज थाना फतेहपुर में रिपोर्ट दर्ज कराने गई थी तो वही पति अरमान को जानकारी होते ही सड़क पर ही बेरहमी से रूही को पीटा मौत के घाट उतारने की साजिश थी लेकिन कुछ राहगीरों द्वारा जान बचाई गई जिसका बाराबंकी जिला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। पति अरमान पर पत्नी रूही का बड़ा आरोप है कि दूसरी शादी रचा कर तलाक लेने की बात पर रूही को बेरहमी से पीटा बाराबंकी पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर न्याय की मांग की है। लेकिन पीड़िता रूही अपने ससुराल में ही जीवन बिताना चाहती है। फतेहपुर थाना इंचार्ज ने बताया कि मामले की छानबीन हो रही है उचित कार्रवाई की जाएगी।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# सर्दियों के दौरान स्कैल्प को कई लाभ दे सकते हैं ये 5 हेयर मास्क



सर्दियों के दौरान चलने वाले ठंडी हवा स्कैल्प और बालों को बहुत नुकसान पहुंचा सकती है। इसके कारण डैंड्रफ और फ्रिजी बालों से लेकर स्प्लिट एंड्स और खुजली तक, कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, अगर आप चाहें तो इन समस्याओं से अपने स्कैल्प का बचाव करने के साथ ही इसे मॉइस्चराइज रख सकते हैं। आइए इसके लिए आज पांच असरदार हेयर मास्क बारे में जानते हैं।

नारियल तेल, सेब के सिरके और शहद का हेयर मास्क

सबसे पहले एक कटोरी में दो बड़ी चम्मच नारियल तेल, एक बड़ी चम्मच सेब का सिरका और दो बड़ी चम्मच शहद मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाकर करीब 30 मिनट के लिए छोड़ दें। समय पूरा हो जाने के बाद अपने सिर को शैंपू से साफ कर लें। आप चाहें तो इस मिश्रण को एक बार में ज्यादा बनाकर किसी जार में भी स्टोर कर सकते हैं ताकि आपको इसे बार–बार ना बनाना पड़े।

दही और केले का हेयर मास्क

सबसे पहले एक कटोरी में पके केले को डालकर इसे चम्मच से मैश कर लें। अब इसमें दो बड़ी चम्मच जैतून का तेल और आधा कप दही मिलाएं। इसके बाद इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं। फिर लगभग 45 मिनट के बाद अपने सिर को शैंपू और गुनगुने पानी से धो लें। यह हेयर मास्क स्कैल्प बालों का रूखापन दूर करने में काफी मदद कर सकता है।

एवोकाडो और जैतून तेल का हेयर मास्क

इस हेयर मास्क को तैयार करने के लिए पके एवोकाडो को मिक्सी में पीसने के बाद एक कटोरी में दो से तीन बड़ी चम्मच जैतून तेल के साथ डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और 30 से 45 मिनट के बाद सिर को धो लें। यह हेयर मास्क स्कैल्प को पोषित करने के साथ–साथ बालों को मुलायम बनाने और दोमुंहे बालों से छुटकारा दिलाने में सहायक हो सकता है।

योगर्ट, नींबू और सेब के सिरके का हेयर मास्क

सबसे पहले एक कटोरी में दो बड़ी चम्मच योगर्ट, एक बड़ी चम्मच सेब का सिरका और एक चम्मच नींबू का रस डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं। फिर लगभग 30 मिनट के बाद सिर को शैंपू से साफ कर लें। यह मास्क सिर से डैंड्रफ दूर करने में काफी मदद कर सकता है।

नारियल तेल और एलोवेरा का हेयर मास्क

सबसे पहले एलोवेरा की ताजी पत्ती को बीच में काटकर इसका सारा जेल एक कटोरी में निकाल लें। फिर दूसरी कटोरी में एलोवेरा जेल और नारियल तेल की बराबर मात्रा को डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाएं और 30 मिनट के बाद सिर को शैंपू को साफ कर लें। हफ्ते में एक या दो बार इस हेयर मास्क का इस्तेमाल करने से बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहेंगे।

## मानुषी छिल्लर ने की बोल्डनेस की हदें पार, तस्वीरें देखकर फैंस ने आउटफिट को बताया झाड़ू ड्रेस

एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर अपने बोल्ड अंदाज से हर किसी को अपना दीवाना बनाने का माद्दा रखती हैं। उनकी हॉटनेस को देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। वहीं, एक्ट्रेस मानुषी



छिल्लर एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज को फ्लॉन्ट करती नजर आईं। पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी लेटेस्ट तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर येलो कलर की डीपनेक ऑफ शोल्डर आउटफिट में अपनी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। बॉलीवुड में फिल्म पृथ्वीराज से करियर का आगाज करने वाली एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर अपने ड्रेसिंग सेंस को लेकर चर्चाओं में बनी रहती हैं। तस्वीरों सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मानुषी ट्रोल हो गईं, किसी ने उनकी ड्रेस को पर्दा बताया तो किसी ने उनकी ड्रेस को झाड़ू ड्रेस बताया। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर की ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। फैंस उनकी तस्वीर को देखकर उन पर फिदा हो रहे हैं। मानुषी छिल्लर अपने फैंस के लिए नई तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती है। साथ ही वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। मानुषी छिल्लर की बोल्डनेस और खूबसूरती को देखकर उनके फैंस लाइक्स और फायर इमोजी की बौछार कर रहे हैं। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर के इंस्टाग्राम पर 6.4 मिलियन फॉलोवर्स हैं।






## जसवंत सिंह गिल बनेंगे अक्षय कुमार, जानिए कब आएगी फिल्म कैप्सूल गिल



अक्षय कुमार साल में कई फिल्में करते हैं। चर्चित इंजीनियर जसवंत सिंह गिल की बायोपिक को लेकर भी वह काफी समय से सुर्खियों में हैं। अब खुद अक्षय ने इस फिल्म पर अपनी मुहर लगा दी है। दरअसल, आज रेस्क्यू डे यानी बचाव दिवस के मौके पर केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रहलाद जोशी ने जसवंत सिंह गिल को याद किया है। इसके तुरंत बाद अक्षय ने उन्हें जवाब दिया।

जसवंत सिंह गिल के सम्मान में ही 16 नवंबर को रेस्क्यू डे घोषित किया गया था। इस मौके पर प्रहलाद जोशी ने लिखा, 1989 में कोयले की खदान से 65 श्रमिकों को बचाने में उनकी वीर भूमिका के लिए स्वर्गीय सरदार जसवंत सिंह गिल जी को याद कर रहा हूं। हमें अपने कोयला खनन के योद्धाओं पर गर्व है। उनके इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर फिल्म कैप्सूल गिल पर चर्चा तेज हो गई है।

प्रहलाद जोशी के पोस्ट को रीट्वीट कर अक्षय ने लिखा, यह एक ऐसी कहानी है, जैसी कोई और नहीं। निर्माता वाशु भगनानी ने लिखा, यह हमारा सौभाग्य है कि स्वर्गीय जसवंत सिंह गिल जी की कहानी को हमें एक फिल्म के रूप में लोगों तक पहुंचाने का मौका मिला है। इस पर अक्षय ने लिखा, मेरा सौभाग्य है कि मैं जसवंत सिंह गिल जी का किरदार निभा रहा हूं। यह फिल्म अगले साल दर्शकों के बीच आएगी।

फिल्म का निर्देशन टीनू सुरेश देसाई कर रहे हैं, जिन्होंने इससे पहले अक्षय के साथ रुस्तम में काम किया था। कैप्सूल गिल से अक्षय का लुक भी सामने आया था, जिसमें वह सरदार के गेटअप में दिख रहे थे। अक्षय ने दिलेर सिख जसवंत सिंह गिल की तरह दिखने के लिए काफी मेहनत की है। फिल्म के लिए उन्होंने अपना वजन बढाया है। लंबी दाढ़ी और सिर पर पगड़ी पहने अक्षय, गिल की तरह ही लग रहे थे।

अक्षय ने अपने करियर में रुस्तम, एयरलिफ्ट, पैडमैन और केसरी जैसी कई फिल्मों रियल लाइफ हीरोज की भूमिका निभाई है। वह केसरी, सिंह इज किंग और सिंह इज ब्लिंग जैसी कई फिल्मों में पगड़ी पहने दिख चुके हैं और उन पर पगड़ी जंची भी है।

जसवंत सिंह गिल ने 1989 में अपनी जान जोखिम में डालकर कोयला खदान के 64 मजदूरों की जान बचाई थी। उन्होंने 2.5 मीटर लंबा स्टील का एक कैप्सूल बनाया और उसे एक बोर के जरिए खदान में उतारा। जसवंत ने मजदूरों को उस कैप्सूल के जरिए बाहर निकाला, इसलिए फिल्म का नाम कैप्सूल गिल रखा गया है। दो साल बाद जसवंत को भारत सरकार की ओर से 1991 में सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक से नवाजा गया था। इस साल अक्षय की पांच फिल्में आई हैं। हालांकि, पांचों को ही दर्शकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। अब वेडात मराठे वीर दौडले सात से अक्षय मराठी फिल्मों में कदम रखने जा रहे हैं। इस फिल्म में वह शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे। टाइगर श्रॉफ के साथ अक्षय फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इमरान हाशमी संग फिल्म सेल्फी का भी हिस्सा हैं। अक्षय फिल्म गोरखा से भी जुड़े हुए हैं।

## आंध्र प्रदेश के गांव मारेदुमिली से जारी हुआ अल्लारी नरेश की आने वाली फिल्म का ट्रेलर

तेलुगु अभिनेता अल्लारी नरेश की मुख्य भूमिका वाली निर्देशक एआर मोहन की इत्लू मारेदुमिली प्रजानीकम की यूनिट ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। दिलचस्प बात यह है कि, अभिनेता



अल्लारी नरेश सहित फिल्म की पूरी यूनिट ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के एक खूबसूरत गांव मारेदुमिली में ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया। इत्लू मारेदुमुल्ली प्रजानीकम अल्लारी नरेश के करियर की एक अलग तरह की फिल्म होगी, जो एक चुनाव अधिकारी के रूप में आदिवासी क्षेत्र का दौरा करने वाले एक सरकारी अधिकारी की भूमिका निभाता है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक सरकारी अधिकारी अपनी टीम के साथ मारेदुमिली में चुनाव कराने के लिए पहुंच रहा है, जो पहाडियों में एक दूरस्थ स्थान पर है। पूरे राज्य को चुनाव का इंतजार है। इन परिस्थितियों में, सरकारी अधिकारी को वहां के लोगों की वास्तविक समस्याओं का पता चलता है। उन्हें पता चलता है कि उनके पास बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं और उन्हें पता चलता है कि वहां के लोग अपनी जान भी दे देते हैं। राजनेताओं, सरकारों और सरकारी कर्मचारियों को उनकी परवाह नहीं है। ऐसे में चुनाव अधिकारी उनकी मदद के लिए आगे आते हैं। हालाँकि, बिचौलिए, राजनेता और सरकारी अधिकारी तब चिढ़ जाते हैं जब उन्हें पता चलता है कि कोई लोगों की मदद कर रहा है। कहने की जरूरत नहीं है कि चुनाव अधिकारी को राजनीतिक नेताओं और पुलिस अधिकारियों से परेशानी का सामना करना पड़ता है। ए.आर. मोहन ने अपने निर्देशन की शुरूआत के लिए एक मजबूत विषय चुना है। यह अल्लारी नरेश के लिए एक प्रमुख चरित्र है। आनंदी ने प्रमुख महिला की भूमिका निभाई है, जबकि वेनेला किशोर और प्रवीण हास्य राहत प्रदान करते हैं। यह फिल्म इसी साल 25 नवंबर को पर्दे पर आने वाली है। बालाजी गुट्टा फिल्म के सह–निर्माता हैं, ब्रह्मा कदली कला निर्देशक हैं और छोटा के प्रसाद संपादक हैं।

## सर्दियों में बनाकर पीएं ये 5 सूप, आसान हैं इनकी रेसिपी



सर्दियों में गरमागरम सूप का सेवन ना सिर्फ मन को सुकून देता है बल्कि शरीर को गर्माहट का अहसास कराने के साथ–साथ कई तरह के स्वास्थ्य संबंधित लाभ देने में भी मदद कर सकता है। इसका कारण है कि सूप को बनाते समय तरह–तरह की पौष्टिक सब्जियों और मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। आइए आज हम आपको पांच तरह के सूप की आसान रेसिपी बताते हैं, जिन्हें सर्दियों में जरूर ट्राई करना चाहिए। लहसुन का सूपः सबसे पहले एक पैन में मक्खन गरम करके इसमें पिसा हुआ लहसुन भूनें। फिर इसमें प्याज और अपनी पसंदीदा सब्जियों को डालकर भूनें। अब इसमें आवश्यकतानुसार पानी डालें। फिर इसमें थोड़ा और लहसुन, काली मिर्च और स्वादानुसार नमक मिलाएं। जब मिश्रण में उबाल आ जाए तो इसमें कॉर्नफ्लोर–पानी का मिश्रण बनाकर डालें। अंत में इसे 8–10 मिनट पकाने के बाद गरमागरम परोसें। सब्जियों का सूपः सबसे पहले गाजर, टमाटर, मटर और फ्रेंच बीन्स जैसी सब्जियों को प्रेशर कुकर में दो कप पानी के साथ डालकर दो–तीन सीटी लगवाएं। एक बार जब सब्जियां अच्छी तरह से पक जाएं तो उन्हें ठंडा करके ब्लेंड करें। अब एक पैन में सब्जियों का पेस्ट, थोड़ा पानी, स्वादानुसार नमक और काली मिर्च मिलाकर इसे गाढ़ा होने तक पकाएं। फिर इसे गरमागरम परोसें। कद्दू का सूपः सबसे पहले कद्दू को छिलकर इसे टुकड़ों में काटें। अब इन्हें पानी में नरम होने तक पकाएं। इसके बाद एक मिक्सी में थोड़ा लहसुन, हरी मिर्च, पत्तेदार धनिया, नमक और काली मिर्च मिलाएं। अब कद्दू को चेक करें और अगर यह नरम हो गया है तो इसे पानी से निकालकर ब्लेंडर में डालें और ब्लेंड करें। अंत में इस मिश्रण को एक पैन में डालें और उबाल आने पर इसमें थोड़ा नारियल का दूध मिलाकर इसे गरमागरम परोसें। मिनेस्ट्रोन सूपः सबसे पहले एक पैन में चार कप सूप स्टॉक उबालें और उसमें कटे हुए टमाटर, नूडल्स, चावल, प्याज और आलू डालकर इसे ढककर उबालें। 8–10 मिनट के बाद इसमें थोड़े बीन्स, मटर और गाजर डालें। जब आपको लगे कि ये सब्जियां नरम हो गई हैं तो इसमें सेलेरी, नमक और काली मिर्च मिलाएं। लगभग दो मिनट के लिए मिश्रण को पकाएं और इसे सूप बाउल में डालकर गरमागरम परोसें। पालक का सूपः सबसे पहले एक पैन में थोड़ा सा तेल गरम करें और इसमें प्याज और लहसुन को भूनें। इसके बाद इसमें कटा हुआ पालक डालें। अब इसमें थोड़ा कार्नफ्लोर और पानी डालकर इसे अच्छी तरह से पकने तक करछी से हिलाते रहें। इसके बाद इसमें स्वादानुसार नमक, थोड़ी चीनी और काली मिर्च पाउडर मिलाएं। फिर इस मिश्रण को ठंडा करके इसे ब्लेंडर में पीसें। अंत में एक पैन में मिश्रण को थोड़े से दूध में मिलाकर उबालें और इसे गरमागरम परोसें।